

मनदीप कौर, मैनेजिंग डायरेक्टर

पढ़ें भारत हर ख़बर सच के साथ

# आज तक आमने-सामने

पंजाब, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली एवं हरियाणा

Email : aajtakaamnesaamne.in@gmail.com

RNI No-Punhin2013/54688 16-31 JULY-2025




एस. के. सक्सैना, मुख्य संपादक

साल 2025 /संपादक एसके सक्सैना / www aajtakaamnesaamne.com /Help Line 9878552070


## दुनिया के किसी नेता ने सीजफायर के लिए नहीं कहा, लोक सभा में मोदी ने विपक्ष को लगाई फटकार

### कहा, कांग्रेस ने वीर जवानों के पराक्रम का साथ नहीं दिया

नई दिल्ली (एजंसी)–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा के दौरान विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जहां पूरी दुनिया ने भारत के आत्मरक्षा के अधिकार को समर्थन दिया, वहीं कांग्रेस ने वीर जवानों के पराक्रम का साथ नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए नहीं कहा। केवल पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तीन देशों ने बयान दिए, जबकि 193 देशों में से बाकी भारत के साथ खड़े रहे। मोदी ने साफ किया कि 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के महज 22 मिनट के भीतर सेना ने बदला लिया। 卐सेना ने तय योजना के तहत आतंकियों के अड्डों को निशाना बनाया, जहां पहले कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी,卐 उन्होंने कहा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह भारत का



नया नॉर्मल है–हम अपनी शर्तों पर, अपने समय पर जवाब देंगे। कोई भी परमाणु ब्लैकमेलिंग अब काम नहीं आएगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 'मेड इन इंडिया' ड्रोन और मिसाइलों ने पाकिस्तान की युद्धक तैयारियों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा, 卐पहले आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड आराम से बैठे रहते थे, लेकिन अब हमले के बाद उन्हें नींद नहीं आती। उन्हें मालूम है कि भारत आएगा और मारकर जाएगा।卐 मोदी ने दावा किया कि 9–10 मई की रात को भारत की मिसाइलों ने पाकिस्तान के हर कोने में ऐसा प्रहार किया, जो उन्होंने कभी सोचा नहीं था। 卐इतना कड़ा प्रहार हुआ कि पाकिस्तान ने फोन करके डीजीएमओ के सामने हमले रोकने की गुहार लगाई,卐 उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी बताया कि 9 मई की रात अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बात करने की कोशिश की, लेकिन वे सेना के साथ बैठक में व्यस्त थे। बाद में कॉलबैक करने पर उन्होंने अमेरिका को चेतावनी दी–卐अगर पाकिस्तान हमला करेगा, तो हम बड़ा हमला करके जवाब देंगे। गोली का जवाब गोले से देंगे।卐 प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सेना के पराक्रम का अपमान कर रही है। 卐पहले सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर सबूत मांगे, अब ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल। कांग्रेस आज पाकिस्तान के नैरेटिव को आगे बढ़ा रही है। विरोध के लिए पाकिस्तान पर निर्भर हो गई है।卐 उन्होंने पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम के उस बयान की भी आलोचना की जिसमें उन्होंने पूछा था कि पहलगाम के आतंकी पाकिस्तान से थे, इसका क्या सबूत है। मोदी ने कहा, 卐देश हैरान है कि कांग्रेस पाकिस्तान को क्लीनचिट देने की कोशिश कर रही है।卐 प्रधानमंत्री ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान ने करीब 1,000 मिसाइल और ड्रोन से बड़ा हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने उन्हें हवा में ही ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा, 卐अगर ये मिसाइलें भारत में गिरतीं, तो भयंकर तबाही होती। आज हर देशवासी को गर्व है कि हमने उन्हें तिनकों की तरह बिखेर दिया।

## मुख्यमंत्री की ओर से पंजाब वासियों से नशे और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग में साथ देने और शहीद भगत सिंह के सपनों को साकार करने का आह्वान

### लाल किले की प्राचीर पर प्रधानमंत्री बदलते रहे, लेकिन उनके भाषण नहीं बदले, कैप्टन, बादल और मजीठिया ने हमेशा पंजाब विरोधी ताकतों का साथ दिया

पंकज

खटकड़ कलां (शहीद भगत सिंह नगर), – पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब को नशे और भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए प्रदेशवासियों से सरकार के साथ मजबूती से खड़े होने का आह्वान करते हुए कहा कि यह प्रयास शहीद–ए–आजम सरदार भगत सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज यहां शहीद–ए–आजम सरदार भगत सिंह विरासत परिसर का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नशे और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ी है और इन अपराधों में शामिल बड़े मगरमच्छों को सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस जंग ने पारंपरिक पार्टियों के दोहरे चेहरों को भी बेनकाब किया है, जो प्रदेश को लूटने और नशे के जरिए युवाओं की नस्लकुशी के लिए आपस में मिली हुई थी और इसके लिए बराबर जिम्मेदार हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि नशे और भ्रष्टाचार के खिलाफ यह जंग



तभी सफल हो सकती है, जब प्रदेश के लोग इसमें सक्रिय भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चाई यह है कि कैप्टन, बादल और मजीठिया ने अपने निजी हितों के लिए पंजाब और इसके लोगों की पीठ में छुरा घोंपने की अपने परिवारों की 'दोगली विरासत' को जारी रखा है। उन्होंने कहा कि बिक्रम सिंह मजीठिया, जो नशे के कारोबार में शामिल होने के कारण आज जेल की सलाखों के पीछे हैं, उनके पूर्वजों ने 1919 में जलियांवाला बाग नरसंहार की रात जनरल डायर के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करके लोगों की पीठ में छुरा घोंपा था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसी तरह कैप्टन अमरिंदर सिंह, जो अपने भतीजे मजीठिया के मानवाधिकारों के बारे में बढ़–चढ़कर बोल रहे हैं, और उनके परिवार का संदिग्ध रिकॉर्ड है कि वे हमेशा पंजाब और इसके लोगों को धोखा देते आए हैं और हमेशा पंजाब विरोधी ताकतों चाहे वह मुगल हों, अंग्रेज हों या अब भाजपा के साथ खड़े रहे हैं।

## संत सीचेवाल ने संसद में रूस में फंसे भारतीयों का मुद्दा उठाया

एसके सक्सैना

दिल्ली/चंडीगढ़/सुल्तानपुर लोधी, 24 जुलाई– संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने संसद में प्रश्नकाल के दौरान विदेश मंत्रालय से रूस की सेना में फंसे भारतीयों का मुद्दा गंभीरता से उठाया। संसद का चल रहा मानसून सत्र भले ही हंगामों की भेंट चढ़ रहा हो, लेकिन सांसदों द्वारा पूछे गए लिखित सवालों का जवाब सरकार को संसद में देना ही पड़ता है। संत सीचेवाल ने विदेश मंत्रालय से पूछा कि रूस में फंसे भारतीय नागरिकों के बारे में विस्तृत जानकारी क्यों उनके परिवारों तक नहीं पहुंच रही? उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि इन भारतीय नागरिकों को मदद उपलब्ध कराने, उनकी सुरक्षित वापसी, यात्रा प्रबंध और विदेश में कानूनी सहायता जैसे संवेदनशील मामलों में सरकार क्या कदम उठा रही है? साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि रूस में फंसे भारतीय नागरिकों की वापसी में सरकार को



**रूसी सेना में भर्ती 12 भारतीय अब भी लापता**

किन बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें दूर करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है?

## शिक्षा विभाग में क्रांतिकारी बदलाव की ओर बढ़ाए कदम–हरजोत सिंह बैंस

### जल्द भेजा जाएगा शिक्षकों का तीसरा बैच फिनलैंड, आधुनिक शिक्षा प्रणाली से होगा प्रशिक्षण, पटियाला में शिक्षा मंत्री ने स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों से किया सीधा संवाद

रमन कुमार

चंडीगढ़ / पटियाला–पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने आज पटियाला जिले के सरकारी स्कूलों के प्रमुखों और शिक्षकों से सीधा संवाद कर शिक्षा विभाग में आ रहे सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की। उन्होंने घोषणा की कि प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों से जोड़ने के लिए जल्द ही तीसरा बैच फिनलैंड भेजा जाएगा। संवाद की शुरुआत में सभी उपस्थित लोगों ने राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से हुई 7 मासूम बच्चों की मौत पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। श्री बैंस ने कहा कि पिछली सरकारों की गलत नीतियों ने शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया था। पूर्ववर्ती सरकारें केवल



ट्रांसफर और टेंडर जैसे मुद्दों में उलझी रहीं, जबकि मौजूदा सरकार ने %टीचर्स% और स्टूडेंट्स की बेहतरी और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण को अपनी प्राथमिकता बनाया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में स्कूली शिक्षा प्रणाली को देश में सर्वोत्तम बनाने के पीछे शिक्षकों की मेहनत और उनके सुझावों की अहम भूमिका है। सरकार ने हर शिक्षक संगठन की बात को गंभीरता से सुना है और किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। शिक्षा मंत्री, जिनके पास उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण, भाषा विभाग और जनसंपर्क विभाग की भी जिम्मेदारी है, ने कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को अपने सुझाव और समस्याएं ईमेल के ज़रिये भेजने का आग्रह भी किया, जिससे कोई भी शिक्षक बिना झिझक अपनी बात साझा कर सके। इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार स्कूलों में विद्यार्थियों को नशा मुक्त और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के लिए शिक्षकों के साथ मिलकर नई पहलें शुरू कर रही है। उन्होंने 'उलीके प्रोग्राम' जैसी योजनाओं के बारे में भी शिक्षकों को जानकारी दी।



## हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु से शिष्टाचार मुलाकात की

मनदीप कौर

चंडीगढ़, – हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने सोमवार को नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रोफेसर घोष ने 21 जुलाई, 2025 को हरियाणा के 19वें गवर्नर के रूप में शपथ ग्रहण की। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष भी उनके साथ थी। राज्यपाल प्रो. घोष ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के साथ हरियाणा की वर्तमान स्थिति के बारे में कई मूल्यवान सुझाव साझा किए हैं। उन्होंने विशेष रूप से सामाजिक कल्याण, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि वे राष्ट्रपति के मार्गदर्शन से बहुत प्रभावित हुए है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राज्यपाल को जिम्मेदारियों के लिए संविधान की एक प्रति भी प्रस्तुत की।

## पंजाब के किसानों के साथ विश्वासघात कर रही हैं आपदा एवं कापदा–चुग

कैप्टन सुबाष चंद्र

चंडीगढ, 2025– भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने पंजाब में लैंड पूलिंग के मुद्दे पर बुलाई गई संयुक्त किसान मोर्चा की सर्वदलीय बैठक में आप और कांग्रेस की गैरहाज़िरी पर तीखा हमला बोला। चुग ने कहा, 卐आप पार्टी का कोई प्रतिनिधि बैठक में आया ही नहीं, और कांग्रेस का प्रतिनिधि दो घंटे की देरी से पहुँचा, इससे साफ है कि इन पार्टियों के लिए पंजाब के किसानों की कितनी प्राथमिकता और अहमियत है।卐

वहीं दूसरी ओर, चुग ने कहा, 卐भारतीय जनता पार्टी आंदोलन के शुरुआत से किसानों के साथ है और बैठक में मौजूद रही और हमने अपना रुख स्पष्ट कर दिया कि हम इस जबरन थोपे गए, किसान विरोधी %लैंड पूलिंग% नीति का कड़ा विरोध करते हैं।卐 और किसानों की एक इंच भी भूमि अधिग्रहीत नहीं होने देंगे।

चुग ने याद दिलाया कि भगवंत मान ने किसान संगठनों पर बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक आरोपों पर भी सवाल उठाए, जिनमें उन्होंने कहा था कि किसान संगठन अवैध तरीकों से पैसे कमा रहे हैं और उनसे ज़मीन, अस्पतालों व होटलों में हिस्सेदारी खरीद रहे हैं। चुग ने कहा, 卐किसानों के असली मुद्दों से भागने के बजाय, भगवंत मान अब उन्हें बदनाम करने पर उतर आए हैं। यह दिखाता है कि आम आदमी पार्टी के दिल में किसानों के लिए



कितनी नफरत भरी हुई है।

तरुण चुग ने कहा कि ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के 1.7 करोड़ किसानों को लाभ देने वाली %प्रधानमंत्री कृषि धन–धान्य योजना% लागू किया हैं, जिसमें हर साल 24,000 करोड़ रुपयों का निवेश और 100 ज़िलों में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होगा, उस समय भगवंत मान की सरकार किसानों की ज़मीनें हड़पने में लगी है। एक तरफ वो मुख्यमंत्री हैं जो किसानों की बार–बार बेइज़्ज़ती करते हैं और मीटिंग से भागते हैं, दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी हैं जो किसानों के भविष्य की बुनियाद रख रहे हैं। अब फैसला पंजाब की जनता को करना है,卐 चुग ने कहा।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में 201 करोड़ की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया

नई दिल्ली/बठिंडा ( पंकज) उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार, 29 जुलाई 2025 को वर्चुअल माध्यम से पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा में ?200.99 करोड़ की लागत से विकसित की जाने वाली विभिन्न बुनियादी ढाँचा विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की एक राष्ट्व्यापी पहल का हिस्सा था, जिसके तहत देशभर के केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित उच्च शिक्षण संस्थानों में आधारभूत ढांचागत विकास की शुरुआत की जा रही है। यह वर्चुअल शिलान्यास समारोह नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 (एबीएसएस–2025) के दौरान संपन्न हुआ, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस अवसर केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने श्री जयंत चौधरी, शिक्षा राज्य मंत्री एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा डॉ. सुकांत मजूमदार, शिक्षा राज्य मंत्री एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास राज्य मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में इन आधारभूत परियोजनाओं का शिलान्यास किया। पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू पंजाब) के कुलपति प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी भी दिल्ली में आयोजित समारोह में गणमान्य व्यक्तियों में शामिल हुए। इस बीच सीयू पंजाब के मुख्य परिसर (घुद्दा गाँव, ज़िला बठिंडा) में एक औपचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ प्रति कुलपति प्रो. किरण हजारिका के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने वर्चुअल समारोह के लाइव प्रसारण में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (हेफा) द्वारा वित्त पोषित निम्नलिखित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की वर्चुअल




आधारशिला रखी। नमें से विभिन्न इमारतों को गृह–द्धङ्क मानकों के अनुरूप डिज़ाइन किया गया हैं, जिनमें पर्यावरण–अनुकूल, ऊर्जा–कुशल और टिकाऊ विकास की सुविधाएँ शामिल हैं–जैसे कि सेंसर–आधारित प्रकाश व्यवस्था, सौर ऊर्जा प्रणालियाँ, भूकंपरोधी संरचना, शून्य–अपशिष्ट जल प्रणाली, तथा दिव्यांगजनों के लिए पूर्णतः सुगम पहुँच। सभा को संबोधित करते हुए माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय परिवार को नई अवसंरचना परियोजनाओं के शिलान्यास की शुभकामनाएँ दीं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के पाँच वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, 卐माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शिक्षा भारत की विकास यात्रा का केंद्रबिंदु बन चुकी है। एनईपी 2020 अब कक्षाओं, परिसरों और समुदायों तक पहुँच चुकी है, जिससे प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल, मूलभूत साक्षरता और समग्र शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं।卐 श्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन में उच्च शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से बहु–विषयक शिक्षा, डिजिटल समावेशन, कौशल विकास और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया। साथ ही, उन्होंने 'निपुण भारत मिशन' जैसी पहलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा गुणवत्ता में आए उल्लेखनीय सुधारों पर प्रकाश डाला और इस प्रगति को शिक्षकों, विद्यार्थियों, शैक्षणिक संस्थानों एवं राज्य सरकारों के सामूहिक सहयोग का परिणाम बताया। कुलपति प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के दूरदर्शी नेतृत्व और उदार हेफा अनुदान हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हेफा अनुदान से मिलने वाला यह समर्थन पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय को शिक्षण, अनुसंधान और छात्र कल्याण की उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित विश्वस्तरीय संस्थान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। ये नवोन्मेषी परियोजनाएँ विश्वविद्यालय की क्षमता को व्यापक रूप से बढ़ाएँगी, जिससे अधिक संख्या में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान की जा सकेगी। साथ ही, यह पहल स्थिरता, नवाचार और समग्र विकास को बढ़ावा देकर सीयू पंजाब को देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी में और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

## संपादकीय

# रविवार की छुट्टी के पीछे उस महान व्यक्ति का क्या मकसद था? जानिए क्या है इसका इतिहास

साथियों, जिस व्यक्ति की वजह से हमें ये छुट्टी हासिल हुयी है, उस महापुरुष का नाम है नारायण मेघाजी लोखंडे. नारायण मेघाजी लोखंडे ये जोतीराव फुलेजी के सत्यशोधक आन्दोलन के कार्यकर्ता थे। और कामगार नेता भी थे। अंग्रेजो के समय में हफ्ते के सातो दिन मजदूरो को काम करना पड़ता था। लेकिन नारायण मेघाजी लोखंडे जी का ये मानना था की, हफ्ते में सात दिन हम अपने परिवार के



लिए काम करते है। लेकिन जिस समाज की बदौलत हमें नौकरियां मिली है, उस समाज के समस्या छुड़ाने के लिए हमें एक दिन छुट्टी मिलनी चाहिए। उसके लिए उन्होंने अंग्रेजो के सामने 1881 में प्रस्ताव रखा। लेकिन अंग्रेज ये प्रस्ताव मानने के लिए तयार नहीं थे। इसलिए आख़िरकार नारायण मेघाजी लोखंडे जी को इस रविवार की छुट्टी के लिए 1881 में आन्दोलन करना पड़ा। ये आन्दोलन दिन–ब–दिन बढ़ते गया। लगभग 8 साल ये आन्दोलन चला। आखिरकार 1889 में अंग्रेजो को sunday की छुट्टी का ऐलान करना पड़ा। ये है इतिहास। क्या हम इसके बारे में जानते है?

अनपढ़ लोग छोड़ो लेकिन क्या पढ़े लिखे लोग भी इस बात को जानते है?

जहा तक हमारी जानकारी है, पढ़े लिखे लोग भी इस बात को नहीं जानते। अगर जानकारी होती तो रविबार के दिन मजे नहीं करते....समाज का काम करते....और अगर समाज का काम ईमानदारी से करते तो समाज में भुखमरी, बेरोजगारी, बलात्कार, गरीबी, लाचारी ये समस्या नहीं होती। साथियों, इस रविवार की छुट्टी पर हमारा हक़ नहीं है, इसपर समाज का हक़ है। कोई बात नहीं, आज तक हमें ये मालूम नहीं था लेकिन अगर आज हमें मालूम हुआ है तो आज से ही रविवार का ये दिन सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित करें.!!



# हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की

पंकज

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।पीएमओ इंडिया हैंडल ने एक्स पर पोस्ट किया- फ़हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

# मुख्यमंत्री ने शहीद ए.एस.आई. धनवंत सिंह के परिजनों को सौंपा एक करोड़ रुपये का चेक

## शहीदों के परिवारों की भलाई के प्रति दोहराई प्रतिबद्धता

मनदीप कौर

खटकड़ कलां (शहीद भगत सिंह नगर), ण्पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज ड्यूटी के दौरान शहीद हुए ए.एस.आई. धनवंत सिंह के परिवार को एक करोड़ रुपये का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने देश सेवा में उनके बलिदान को सम्मान देते हुए यह चेक परिजनों को सौंपा और बताया कि ए.एस.आई. धनवंत सिंह ने 18 जनवरी 2025 को जिला शहीद भगत सिंह नगर में अपनी ड्यूटी निभाते हुए शहादत प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस विनम्र प्रयास के ज़रिए पंजाब में कानून–व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस अधिकारियों के अतुलनीय योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है। मुख्यमंत्री ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिवारों की सहायता को राज्य सरकार का प्रथम कर्तव्य बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे नायकों के परिवारों को वित्तीय मदद देना न केवल सरकार का नैतिक दायित्व है, बल्कि यह उनके




कल्याण की दिशा में एक मानवीय प्रयास भी है। भगवंत मान ने कहा कि यह सहायता परिवार को संबल प्रदान करने के साथ–साथ उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही यह कदम युवाओं को मातृभूमि की सेवा के लिए पंजाब पुलिस और सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए भी प्रेरित करेगा।

# आई.आई.टी. रूपनगर और सरकारी पॉलिटेक्निक कालेज अमृतसर केदरमियान एम.ओ. यू. पर हस्ताक्षर

## पंजाब सरकार तकनीकी शिक्षा के ढांचे को मज़बूत करने और नौजवानों को भविष्य के कौशल के साथ लैस करने के लिए वचनबद्ध- हरभजन सिंह ईटीओ

कैप्टन सुभाष चंद्र

चंडीगढ़,–मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा राज्य में नौजवानों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए किये जा रहे यत्नों के अंतर्गत एक अहम कदम उठाते हुये सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज अमृतसर और आई.आई.टी. रूपनगर के दरमियान आज एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किये गए। इसके एम.ओ.यू के अंतर्गत सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज अमृतसर में ए.आई. आधारित साईबर–फिजिकल सिस्टम (सीपीऐस) लैब की स्थापना की जायेगी। इस समागम की अध्यक्षता पंजाब के लोक निर्माण और बिजली मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ द्वारा की गई। कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि पंजाब सरकार तकनीकी शिक्षा के ढांचे को मज़बूत करने और नौजवानों को भविष्य के कौशल के साथ लैस करने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। यह लैब विद्यार्थियों और अध्यापकों को नयी प्रौद्योगिकी में अनुसंधान



सहयोग, तकनीकी सहायता और प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रदान करने में मदद करेगी। यह लैब अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी शिक्षा में सहयोग और उद्योग की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुये कौशल आधारित शिक्षा मॉड्यूलों की तैयारी करने में भी अहम भूमिका निभाएगी। इस समझौते पर सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज अमृतसर के प्रिंसिपल स. दविन्दर सिंह भट्टी और आई.आई.टी. रूपनगर के अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर किये गए।

# पंजाब सरकार की 'प्रोजेक्ट जीवनजोत-2' बन रही है भीख मांग रहे बच्चों के लिए उम्मीद की किरण-डॉ. बलजीत कौर

मनदीप कौर

चंडीगढ़, ़ समाज सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा शुरू किया गया 'प्रोजेक्ट जीवनजोत–2' भीख मांग रहे बच्चों के लिए उम्मीद की रोशनी बनकर उभर रहा है। उन्होंने बताया कि आज प्रदेशभर में 19 विशेष छापों के दौरान 6 बच्चों को भीख मांगने से रेस्क्यू किया गया, जिससे इस अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक यानी 12वें दिन तक कुल 203 बच्चों को सुरक्षित ढंग से बचाया जा चुका है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि प्रोजेक्ट जीवनजोत–2 का प्रभाव अब ज़मीनी स्तर पर साफ दिखने लगा है, क्योंकि नियमित विशेष जांचों के चलते अब रेस्क्यू किए जाने वाले बच्चों की संख्या में गिरावट आई है। यह इस बात का प्रमाण है कि लोग जागरूक हो रहे हैं और बच्चों से भीख मंगवाने वाले माफियाओं के हौसले पस्त हो रहे हैं। मंत्री ने बताया कि आज जिला बरनाला से 1, मलेरकोटला से 3 और श्री मुक्तसर साहिब से 2 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इनमें से 4 बच्चों को दस्तावेज़ जांच और माता–पिता की काउंसलिंग के बाद उन्हें सौंप दिया गया, जबकि श्री मुक्तसर साहिब के 2 बच्चों को बालगृह में भेजा गया है। उन्होंने आगे बताया कि अब तक कुल 105 बच्चों को सुरक्षित बालगृहों में भेजा गया है, जहां उनके लिए शिक्षा, भोजन और रहने की उत्तम व्यवस्था की गई है।



**प्रदेश भर में 19 विशेष छापों के दौरान 6 बच्चों को बचाया गया– डॉ. बलजीत कौर**

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि जहां भी बच्चों और उनके साथ मौजूद व्यक्तियों के संबंधों पर संदेह होता है, वहां डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। उन्होंने सख्त संदेश देते हुए कहा कि जो लोग बच्चों को भीख मांगने के लिए मजबूर करते हैं, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार मुख्यमंत्री स भगवंत मान के नेतृत्व में बच्चों से भीख मंगवाने की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए वचनबद्ध है। रेस्क्यू किए गए बच्चों को समाज सुरक्षा योजनाओं से जोड़कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास और भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि वे संघर्षशील और आत्मनिर्भर नागरिक बन सकें।

# पंजाब सरकार द्वारा 16 विशेष छापों के दौरान 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया-डॉ. बलजीत कौर

एसके सक्सैना

चंडीगढ़, –मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने सड़कों पर भीख मांगते बच्चों को सुरक्षित और भविष्य–निर्माण योग्य जीवन की ओर ले जाने हेतु चलाए जा रहे फ़जीवनजोतफ़ अभियान के तहत तेज़ और निरंतर कार्रवाइयों को और तेज़ गति दी है। यह जानकारी आज सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि आज 16 ज़िलों में जिला बाल सुरक्षा टीमों द्वारा चलाए गए विशेष छापों के दौरान 4 भीख मांगते बच्चों को रेस्क्यू किया गया। ये छापे बरनाला, बठिंडा, फतेहगढ़ साहिब, गुरदासपुर, फाजिल्का, होशियारपुर, मलेरकोटला, मोगा, पटियाला, रूपनगर, एसएएस नगर, एसबीएस नगर, श्री मुक्तसर साहिब और तरनतारन में मारे गए।



**अभियान की शुरुआत से अब तक (10 दिनों में) कुल 192 बच्चों को बचाया गया– डॉ. बलजीत कौर**

# शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह विरासत परिसर शहीद की महान विरासत को हमेशा के लिए जीवित रखेगा - मुख्यमंत्री

## 51.70 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा परिसर, शहीद भगत सिंह के जीवन और दर्शन को जीवंत करेगा यह गौरवपूर्ण प्रोजेक्ट

रमन कुमार

खटकड़ कलां (शहीद भगत सिंह नगर), –पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज यहां शहीद सरदार भगत सिंह के देश सेवा में अतुलनीय योगदान को श्रद्धांजलि देते हुए %शहीद–ए–आजम सरदार भगत सिंह विरासत परिसर% का नींव पत्थर रखा। इस गौरवपूर्ण प्रोजेक्ट पर 51 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत आएगी, जो महान शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि देने की एक छोटी सी कोशिश होगी। शहीद–ए–आजम को दिल की गहराइयों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद भगत सिंह की महान कुर्बानी ने गुलामी के दलदल में फंसे देश को विदेशी साम्राज्यवाद के चंगुल से मुक्त कराया। भगवंत सिंह मान ने बताया कि यह प्रोजेक्ट 9 महीनों में पूरा होगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए देश की निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरणा का स्रोत



बनेगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य अपने महान सपूत की अनमोल विरासत को संरक्षित और प्रचारित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट केवल एक भौतिक ढांचा नहीं होगा, बल्कि एक अविस्मरणीय अनुभव होगा, जहां शहीद भगत सिंह की मातृभूमि के लिए मर मिटने की भावना, बौद्धिक सोच और साहसी जज्बे की झलक देखने को मिलेगी।

उन्होंने बताया कि नवनिर्मित विरासत परिसर में एक विशाल थीम आधारित प्रवेश द्वार होगा, जो इस महान विरासत की झलक पेश करेगा। उन्होंने बताया कि 350 मीटर लंबा विरासत कॉरिडोर भी इस प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। यह कॉरिडोर शहीद भगत सिंह संग्रहालय को उनके पैतृक घर से जोड़ेगा। यह कॉरिडोर शहीद भगत सिंह के जीवन यात्रा और भारत के स्वतंत्रता संग्राम की कहानी को मूर्तियों, 2डी/3डी दीवार चित्रों और पुतलों के माध्यम से औपनिवेशिक भारत के दौर को दर्शाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 30 मीटर ऊंचा भारतीय झंडा हमें देश की आजादी के लिए देशभक्तों की महान कुर्बानियों की याद दिलाता रहेगा। उन्होंने बताया कि 700 सीटों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम पूरी तरह से वातानुकूलित होगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनारों सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

आज तक आमने सामने
RNI NO -PUNHIN0/2013/54688
Printed by Mandeep Kaur, Published by Mandeep Kaur, Owned by Mandeep Kaur & Printed at Dashmash Printers 178-179 Ranjit Nagar, Jalnadhar City, Published 87 Ranjit Nagar Near Bus Stand, Jalandhar, Punjab
Editor Surinder Kumar (SK Saxena)
Responsible for selection of News under the PRB ACT.
All Rights Reserved Reproduction in whole or in Part without Permission in Prohibited, All disputes shall be settled at Jalandhar Jurisdiction only
Faxt No. : 0181-5024001, Conact No : 0181-5077100

आवश्यक सूचना

आज तक आमने-सामने का इस समाचार पत्र में मुद्रित वज्ञािपनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) के तथ्यों सबंधी कोई दायित्व नहीं है। महारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से अनुरोध है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व सभी तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। –प्रधान संपादक

# जालंधर कैंट के अधीन डाक घरों द्वारा आईटी 2.0 एप्लिकेशन की 4 अगस्त से होगी शुरुआत

मनदीप कौर

जालंधर, डाक विभाग ने डिजिटल परिवर्तन पहल के तहत् क्क्ष एप्लिकेशन की शुरुआत की घोषणा की है, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परिवर्तनकारी पहल के अंतर्गत, उन्नत प्रणाली को जालंधर कैंट प्रधान डाकघर के अधीन सभी डाकघरों में दिनांक 04.08.2025 से लागू किया जाएगा। इस आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित संक्रमण को सक्षम करने के लिए, दिनांक 02.08.2025 को नियोजित डाऊनटाइम निर्धारित किया गया है। 02.08.2025 को किसी भी डाकघर में कोई सार्वजनिक लेन–देन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम वैलिडेशन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है, ताकि नई प्रणाली को सुचारू और कुशलतापूर्वक शुरू किया जा सके। जनसुविधा हेतु, जालंधर सिटी प्रधान डाकघर के अधीन आने वाले डाकघरों की सेवाएं इस दौरान उपयोग की जा सकती हैं। क्क्ष एप्लिकेशन को एक बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तेज़ सेवा वितरण और अधिक ग्राहक–अनुकूल इंटरफ़ेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो हमारी




**2 अगस्त को जालंधर कैंट के अधीन डाक घरों में नहीं होगा कोई सार्वजनिक लेन–देन**

स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक सेवाओं की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम अपने सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध करते हैं कि कृपया अपने डाकघर आगमन की योजना पहले से बनाएं और इस अल्पकालिक असुविधा के लिए हमारा सहयोग करें। हमें हुई असुविधा के लिए खेद है और हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि ये कदम प्रत्येक नागरिक को बेहतर, तेज़ और डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए उठाए जा रहे हैं।

# हरियाली तीज का त्योहार स्थानीय होटल में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया

पंकज

जालंधर की महिला वकीलों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला बार एसोसिएशन के बैनर अधीन हरियाली तीज का त्योहार स्थानीय होटल में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान सभी महिला वकील पारम्परिक ड्रेसेस में आकर्षण का केंद्र रहीं। जानकारी अनुसार हरियाली तीज कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन बार एसोसिएशन की असिस्टेंट सचिव सोनालिका द्वारा किया गया। उनका साथ एग्जीक्यूटिव सदस्य अमानत भगत, नेहा अतरी व पायल हीर ने दिया। सभी ने मिल कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान सभी महिला वकीलों ने पारंपरिक हरे रंग के परिधान पहनकर, झूले झूलते हुए और लोक–गीतों पर नृत्य करते हुए तीज के इस पावन पर्व को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में मेहंदी रचाना, गिद्दा प्रदर्शन, फोक डांस कंपटीशन और बेस्ट ट्रेडिशनल ड्रेस प्रतियोगिता जैसे रोचक कार्यक्रमों आयोजित किए गए जिस दौरान सभी ने भरपूर मनोरंजन का आनंद उठाया। इस मौके पर महिला वकीलों ने एक से बढ़कर एक शानदार मनमोहक



परफॉर्मेंस दी और पारंपरिक गीतों के साथ–साथ कुछ समकालीन प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे माहौल और भी उल्लासमय हो गया। इस दौरान सोनालिका ने जिला बार एसोसिएशन के प्रधान आदित्य जैन, महासचिव रोहित गंभीर, वरिष्ठ उप प्रधान राम छाबड़ा, जॉइंट सचिव साहिल मल्होत्रा, जूनियर उप प्रधान सूरज प्रताप सिंह का विशेष धन्यवाद किया। कार्यक्रम दौरान बीना रानी, अमनदीप, संगीता सोनी, नेहा गुलाटी, साक्षी, मनवीर



कौर, पंकिल, मेहमत, हरनीत कौर मल्ह, सुदेश कुमारी, शशि कटारिया, रंजना, महक शर्मा, मुस्कान, कलेर, नवनीत कौर, रूपिंदर मुल्तानी, साक्षी, हिमांशु सैनी, स्वीटी, रेनू, बेबी, जसप्रीत, मनिंदर, हरप्रीत, मनोरमा भगत, हरप्रीत कौर, जाह्नवी अरोड़ा, अंजलि विरदी, रिया, हरमन, रोहिणी, एकता, राजदीप, अंजलि भारद्वाज, पिंकी सोनी आदि ने शिरकत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए।

# एबीवीपी जालंधर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कर मेधावी छात्रों को किया गया

रमन कुमार

जालंधर, 2025 – अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जालंधर इकाई द्वारा राष्ट्रीय छात्र दिवस एवं परिषद के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 卐प्रतिभा सम्मान समारोह卐 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हंसराज महिला महाविद्यालय में संपन्न हुआ। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जालंधर द्वारा आयोजित इस प्रतिभा सम्मान समारोह में जालंधर शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 550 विद्यार्थियों एवं 50 शिक्षकों सम्मानित किया गया जिसमें 25 स्कूलों के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने दसवीं और बाहरवीं की परीक्षाओं में अपने अपने–अपने शिक्षण संस्थान में अधिकतम अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ – साथ 22 महाविद्यालयों और 3 विश्वविद्यालयों के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने अकादमिक, खेलों, कला , पर्यावरण व सेवा जैसी गतिविधियों में अपने–अपने शिक्षण संस्थान का नाम राज्य व देश में किया है ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर राघवेंद्र प्रसाद तिवारी, कुलपति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय , विशेष उपस्थिति शालिनी वर्मा , राष्ट्रीय मंत्री अभाविप रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर वाणी विज मैनेजिंग डायरेक्टर दैनिक सवेरा, सीमा धूमल प्रदेश प्रमुख लघु उद्योग भारती, दविंदर सिंह ष्टस्ह्व सीटी विश्वविद्यालय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अजय सरीन जी ने की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर तिवारी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बताया कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि विद्यार्थी परिषद युवाओं को न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती है, बल्कि उन्हें सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारियों का बोध भी कराती है। उन्होंने यह संदेश दिया कि एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य केवल अपनी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं, बल्कि




देश और समाज की सेवा करना भी है। इस अवसर पर कुमारी शालिनी वर्मा, राष्ट्रीय मंत्री, एबीवीपी ने ऑपरेशन विजय के वीरता प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कारगिल विजय दिवस के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भारतीय सेना और वायुसेना ने पराक्रम दिखाते हुए भारत की रक्षा की। साथ ही उन्होंने 卐पाँच परिवर्तन卐 की अवधारणा को साझा किया, जिसमें बताया गया कि भारत का प्रत्येक नागरिक छोटे–छोटे प्रयासों से भी राष्ट्र निर्माण में प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है। हंसराज महिला महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. अजय सरीन ने सभी अतिथियों, एबीवीपी के कार्यकर्ताओं और कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि यह युवाओं के लिए प्रेरणा का एक मंच था, जिसने उनमें परिश्रम, निष्ठा और समाज सेवा जैसे मूल्यों को सुदृढ़ किया। यह आयोजन इस बात का साक्ष्य है कि जब छात्र शक्ति संगठित होती है, तो वह न केवल शिक्षा बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह प्रयास विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ–साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करने का भी एक सशक्त माध्यम बना। इस कार्यक्रम मैं अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री गौरव अत्री जी, प्रांत अध्यक्ष डा प्रशांत गौतम जी, पूर्व प्रांत अध्यक्ष डा राजन भंडारी जी, राष्ट्रीय मंत्री श्री आदित्य तकियार जी,प्रांत मंत्री श्री मनमीत सोहल जी, प्रांत कार्यालय मंत्री राघव भारद्वाज जी ,प्रांत कोषाध्यक्ष जसविंदर सिंह लाली जी ,प्रांत उपाध्यक्ष डॉ पंकज बग्गा जी, महानगर अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार जी,महानगर मंत्री रिधम वाघा जी , अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता एवं शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जालंधर सिविल अस्पताल में 3 मरीजों की मौत सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

एसके सक्सैना

जालंधर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), पंजाब के प्रदेश महासचिव राकेश राठौर ने जालंधर सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में ऑक्सीजन आपूर्ति विफलता के कारण तीन मरीजों की दुखद और रोकी जा सकने वाली मौत पर गहरा दुख और क्रोध व्यक्त किया है। 27 जुलाई को सामने आई लापरवाही की यह चौंकाने वाली घटना, भगवंत मान की आप सरकार के तहत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के पूर्ण पतन को एक बार फिर उजागर करती है। बड़े–बड़े दावों और भारी विज्ञापनों के बावजूद, पंजाब के सरकारी अस्पतालों की हालत आज भी भयावह है। ऑक्सीजन प्लांट में तकनीकी खराबी का महत्वपूर्ण मिनटों तक पता न चलना, जिसके कारण मरीजों ने सांस के लिए तड़पते हुए अपनी जान गंवाई, यह प्रबंधन की विफलता और तैयारियों के अभाव का स्पष्ट संकेत है। राठौर ने मांग की है कि जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य मंत्री और सिविल सर्जन को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए और व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। केवल एक विभागीय औपचारिकता नहीं, बल्कि एक न्यायिक जांच होनी चाहिए। क्या



**क्या यही वह बदलाव है जिसका आप ने वादा किया था – जहां मरीज ऑक्सीजन का इंतजार करते–करते मर जाते हैं? – भाजपा**

यही वह बदलाव है जिसका आप ने वादा किया था – जहां मरीज ऑक्सीजन का इंतजार करते–करते मर जाते हैं और माताएं अपनी बेटियों को पीड़ा में खो देती हैं? राठौर ने यह सवाल उठाया। भाजपा पंजाब मृतकों के परिवारों के साथ खड़ी है और इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर उठाएगी।



# विद्यांत ठाकुर ने मनाया वृद्धि आश्रम झारवोलाहरी पठानकोट में बुजुर्गों के साथ अपना जन्मदिन


रमन कुमार

वेदांत ठाकुर पुत्र रोहित ठाकुर निवासी हिमाचल प्रदेश चंबा ने वृद्धि आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ मनाया अपना जन्मदिन। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धि घर में रह रहे सभी माता–पिता से आशीर्वाद प्राप्त किया। उनका हाल–चाल जाना और उनको दोपहर का भोजन करवाया। आए हुए सभी मेहमानों ने वृद्धि घर में रह रहे वृद्धि बुजुर्गों से कहा कि आपको घबराने की जरूरत नहीं है। जो कुछ भी आपके साथ हुआ है। आप उसको भूल जाओ। यह भगवान ही तह करते है। कि हमारे साथ आगे क्या होना है ।इसलिए हमें कभी भी किसी भी बात पर गुस्सा नहीं होना चाहिए और हमेशा भगवान का शुकराना ही करना चाहिए ।उनका सिमरन हीं करना चाहिए ।क्योंकि हम हमेशा अपने कर्मों का ही पाते हैं जैसा हम करते हैं वैसा हम पाते हैं ।इसलिए मनोज अरोड़ा जी ने सभी बुजुर्गों को हौसला देते हुए कहा कि हम भी आपके ही बच्चे हैं ।आप अपने आप को अकेला मत समझना ।जब भी किसी भी चीज की आपको कोई आवश्यकता होती है ।तो आप हमें जरूर बताएं ।फिर उन्होंने आश्रम अध्यक्षिका मिस अंजली शर्मा जी से कहा आपके यहां का मैनेजमेंट को देखकर दिल को बहुत सुकून मिला। और बहुत खुशी महसूस हुई ।क्योंकि सभी बुजुर्ग बहुत खुश नजर आ रहे हैं। फिर आए हुए सभी मेहमानों का आश्रम अध्यक्षक सतनाम सिंह और आश्रम अध्यक्षिका अंजली शर्मा जी ने दिल से धन्यवाद किया। और विद्यांत ठाकुर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दादा अनिल ठाकुर,दादी कमलेश ठाकुर,पिता रोहित ठाकुर ,ओर माता विशाली ठाकुर ।(हिमाचल ) चम्बा। ओर मनोज अरोड़ा ,सविता अरोड़ा,सुमित अरोड़ा। ओर आश्रम समूह स्टाफ सविता, इंद्रजीत कौर,विजय कुमारी, राज रानी,रूप रानी, विपणन कुमार, रमेश चंद,आदि उपस्थित थे।

# 8 गिरफ्तारियां की, 85 ग्राम हेरोइन, 180 नशीले कैप्सूल और 39 नशीली गोलियां बरामद की

एसके सक्सैना

जालंधर, 25 जुलाई– पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए %युद्ध नशे के विरुद्ध % अभियान के तहत, कमिश्नरेट पुलिस जालंधर लगातार शरारती तत्वों पर कड़ी नज़र रख रही है, ताकि नशे के कारोबार में शामिल हर व्यक्ति को गिरफ़्तार किया जा सके। इस अभियान के तहत, पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर के नेतृत्व में पिछले दो दिनों में विभिन्न थानों में 7 एफ.आई.आर. दर्ज की गई है, जिसके तहत 8 आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया है। उनके कब्ज़े से 85 ग्राम हेरोइन, 180 नशीले कैप्सूल और 39 नशीली गोलियां बरामद की गई है। इसके अलावा, जालंधर पुलिस ने नशे की लत में फंसे लोगों के पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक सहायता पर ध्यान देते हुए 6 लोगों को नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती करवाया है ताकि वे अपना जीवन नए सिरे से शुरू कर सकें। पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने कहा कि कमिश्नरेट पुलिस जालंधर को नशा मुक्त और सुरक्षित शहर बनाने के लिए



**जालंधर को नशा मुक्त और सुरक्षित शहर बनाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस वचनबद्ध– पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर**

प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नशे के कारोबार या अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत नज़दीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।



# राकेश राठौर ने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा के जालंधर आगमन की तैयारी को लेकर की बैठक

**अश्विनी शर्मा की जालंधर दौरे को लेकर पार्टी को मिलेगी और मजबूती–राकेश राठौर**

पंकज

जालंधर–भाजपा पंजाब प्रदेश के महामंत्री राकेश राठौर ने आज जालंधर में अश्विनी शर्मा के आगमन की तैयारी को लेकर पदाधिकारी एवं साथियों के साथ बैठक की। इस बैठक में जालंधर के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में अश्विनी शर्मा के जालंधर आगमन के दौरान होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों पर चर्चा की गई। राकेश राठौर ने कहा कि भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा रविवार 27 जुलाई शाम 6:00 बजे स्थानीय जल विलास पैलेस आयेंगे राकेश राठौर ने बताया कि अश्विनी शर्मा का जालंधर दौरा पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, और हमें सभी कार्यकर्ताओं को इसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। राकेश राठौर ने कहा कि अश्विनी शर्मा के आगमन के दौरान जालंधर के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयो के साथ रूबरू होंगे । राकेश राठौर ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयो को अश्विनी शर्मा के आगमन को सफल बनाने के लिए हम सभी को तैयारी करनी होगी। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अश्विनी शर्मा के आगमन के लिए अपनी तैयारियों की जानकारी दी और उन्हें सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। राकेश राठौर ने कहा कि अश्विनी शर्मा के जालंधर आगमन से पार्टी को मजबूती मिलेगी और जालंधर के लोगों के साथ भारतीय जनता पार्टी का जुड़ाव और मजबूत होगा।

# डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को जालंधर शहर से आवारा और बेसहारा पशुओं को गौशालाओं तक पहुँचाने के निर्देश दिए

मनदीप कौर

जालंधर, 23 जुलाई- बेसहारा पशुओं के कल्याण और बहुमूल्य मानव जीवन की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने आज अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 31 अगस्त तक बेसहारा पशुओं को गौशालाओं तक पहुँचाना सुनिश्चित करें। आज यहाँ जिला प्रशासकीय परिसर में जिला पशु कल्याण समिति और जिला पशु क्रूरता निवारण सोसायटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए, डिप्टी कमिश्नर ने इस कार्य को मिशन मोड पर चलाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य आम लोगों की जान–माल की सुरक्षा के साथ–साथ बेसहारा पशुओं का उचित रख–रखाव सुनिश्चित करना है। इस दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(शहरी विकास) जसबीर सिंह, एस.डी.एम.आदमपुर विवेक कुमार मोदी अतिरिक्त कार्यभार अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(ग्रामीण विकास) भी उपस्थित थे। बेसहारा पशुओं की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए डा.अग्रवाल ने अधिकारियों को गौशालाओं की क्षमता बढ़ाने, वर्क फोर्स बढ़ाने, पशुपालकों को जागरूक करने और अन्य ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालकों और डेयरी मालिकों को एस.पी.सी.ए में शामिल करने पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पशुपालकों और डेयरी मालिकों को जागरूक करें कि वे दूध देना बंद कर चुके पशुओं को बेसहारा छोड़ने के बजाय गौशालाओं में ले जाएं ताकि उनकी उचित देखभाल की जा सके। घायल और बीमार पशुओं की उचित देखभाल के लिए डिप्टी कमिश्नर ने जिला प्रशासन की ओर से हेल्पलाइन नंबर 9646–222–555 जारी किया और कहा कि लोग किसी भी घायल और असहाय पशुधन की सूचना देने के लिए इस नंबर पर संपर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर प्रशासन की टीमें उक्त बीमार या घायल पशुधन के उपचार और देखभाल की उचित व्यवस्था करेंगी। बैठक के दौरान, कनिया कलां पशु तालाब की क्षमता बढ़ाने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। डिप्टी कमिश्नर ने एस.डी.एम. शाहकोट को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में 31 जुलाई 2025 तक प्रस्ताव भेजें ताकि इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान, जिले में एनिमल बर्थ कंट्रोल (ए.बी.सी.) प्रोग्राम और गौ–सेस कलेक्शन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में सहायक निदेशक पशुपालन डा. बलबीर सिंह और डा. कुलविंदर सिंह के अलावा नगर निगम जालंधर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

पढ़ें भारत हर ख़बर सच के साथ
आज तक आमने-सामने
पंजाब, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली एवं हरियाणा
Email : aajtakaamnesaamne.in@gmail.com
RNI No-Punhin2013/54688



# अमृतसर में एक नाबालिग समेत चार तस्कर काबू; 6 किलोग्राम हेरोइन बरामद

## सरहदी गांव से तस्करी करने वाला मुख्य दोषी सरबजीत उर्फ जोबन बदनाम तस्कर राणा से सीधे संपर्क में था–डीजीपी गौरव यादव

पंकज

चंडीगढ़/अमृतसर, – मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा–निर्देशों अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई गई व्यापक मुहिम दौरान सरहद पार से चल रहे नार्को–तस्करी नेटवर्क को करारा झटका देते हुए, कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने पाकिस्तान आधारित तस्करों से जुड़े संगठित हेरोइन तस्करी कार्टेल के नाबालिग समेत चार तस्करों को गिरफ्तार करके इस कार्टेल का पर्दाफाश किया है। पुलिस द्वारा उनके कब्जे में से 6.1 किलो हेरोइन बरामद की गई है। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों




की पहचान सरबजीत सिंह उर्फ जोबन (29) निवासी गांव धनोआ, अमृतसर, धरम सिंह उर्फ हैप्पी (32) और कुलबीर सिंह उर्फ गुरदीप सिंह उर्फ थॉमस (24) दोनों निवासी अजनाला, अमृतसर और एक 17 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई है। हेरोइन बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उनके दो मोटरसाइकिल, जिनका इस्तेमाल वे नशीले पदार्थों की खेप डिलीवर करने के लिए कर रहे थे, भी जब्त कर लिए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता लगा है कि मुख्य दोषी सरबजीत उर्फ जोबन, जो कि सरहदी क्षेत्र के एक गांव से तस्करी का धंधा कर रहा था, सरहद पार के बदनाम तस्कर राणा से सीधे संपर्क में था। उन्होंने बताया कि उसे एक नाबालिग समेत गिरफ्तार किया गया है और इनके पास से 1 किलो हेरोइन बरामद हुई है। डीजीपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों से पूछताछ उपरांत अजनाला से दो और तस्करों – धरम सिंह और कुलबीर सिंह – को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 5 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की गई।

# मॉनसून सत्र के पहले हफ्ते में संत सीचेवाल ने जनता से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से उठाया

मनदीप कौर



चंडीगढ़/जालंधर, '–संसद के मॉनसून सत्र का पहला हफ्ता भले ही हंगामों की भेंट चढ़ गया हो, लेकिन राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने इस दौरान कई गंभीर मुद्दों को संसद में उठाने के लिए पूरी कोशिश की। मॉनसून सत्र के दौरान संत सीचेवाल ने बाढ़ रोकने, वन क्षेत्र बढ़ाने, स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने, आम लोगों को सहायता देने, लुप्त होती छोटी नदियों को बचाने, डेयरियों, पर्यावरण और हवाई सेवाओं से जुड़े कई अहम मसलों को संसद में आवाज़ दी। ये सभी मुद्दे उन्होंने लिखित सवालों के ज़रिए संसद में उठाए। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा संत सीचेवाल के सवाल का जवाब देते हुए बताया गया कि सरकार 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) योजना के तहत क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी कि उड़ान योजना के तहत आम लोगों के लिए हवाई यात्रा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से पंजाब में आदमपुर, लुधियाना, पठानकोट और बठिंडा को जोड़ने वाले 34 रूट चालू किए गए हैं। इसके अतिरिक्त ब्यास और पटियाला को भी क्षेत्रीय हवाई संपर्क में शामिल करने के लिए निविदा जारी की गई है। इसी तरह जलवायु परिवर्तन का प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहे प्रभावों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में जल शक्ति मंत्रालय ने बताया कि वह हर स्तर पर इससे निपटने के लिए प्रयास कर रहा है। संत सीचेवाल ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से भी आम लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने और गरीबों की सहायता के बारे में सवाल किया, जिसके जवाब में मंत्रालय ने बताया कि सरकार आयुष और अन्य योजनाओं के तहत स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने और उन्हें जनसामान्य के लिए सुलभ बनाने हेतु लगातार प्रयासरत है। डेयरियों से निकलने वाले गोबर और अपशिष्ट जल को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में पशुपालन मंत्रालय ने जानकारी दी कि संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/कमेटियों, स्थानीय निकायों या नगर निगमों को डेयरियों और

### 'उड़ान' योजना के तहत आम लोगों के लिए हवाई यात्रा को सुलभ बनाने हेतु पंजाब में 34 रूट चालू

गौशालाओं से निकलने वाले अपशिष्ट के उचित निपटारे की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई डेयरी फार्म या गौशाला जल (1974), वायु (1981) या पर्यावरण (1986) अधिनियम के तहत निर्धारित मानकों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

संत सीचेवाल ने विदेश मंत्रालय से रूस की सेना में फंसे भारतीय नागरिकों को लेकर भी सवाल किया। इसके अलावा देश में वन क्षेत्र की मौजूदा स्थिति और इसे बढ़ाने के प्रयासों, आदिवासी क्षेत्रों में वान धन विकास केंद्रों की स्थिति तथा रेलवे में बढ़ती भीड़ और उसके समाधान को लेकर भी सवाल किए।

संत सीचेवाल ने बताया कि उन्होंने शून्य काल के दौरान नेशनल हाईवे नंबर 44, जहां से काला संघिया ड्रेन और बुड्ढा दरिया होकर गुजरते हैं, जैसे ज्वलंत मुद्दे को उठाने की पूरी कोशिश की, लेकिन सदन में हंगामे के चलते वह यह मुद्दा नहीं उठा सके। उन्होंने बताया कि काला संघिया ड्रेन पर कलवर्ट का गलत डिज़ाइन और बुड्ढा दरिया पर नए पुलों के निर्माण के दौरान मलबा न हटाए जाने के कारण इस क्षेत्र में हर साल बाढ़ का खतरा बना रहता है और लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। संत सीचेवाल ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में वे पंजाब से जुड़े मुद्दों को संसद में गंभीरता से उठाते रहेंगे।

# मान सरकार की जीवनजोत 2.0 पहल ने सिर्फ एक हफ्ते में 168 बाल भिखारियों को बचाया-डॉ. बलजीत कौर

कैप्टन सुबाष चंद्र

चंडीगढ़, –मुख्यमंत्री स भगवंत मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार की प्रमुख पहल 'प्रोजेक्ट जीवनजोत 2.0' ने केवल एक सप्ताह में राज्यभर की सड़कों और गलियों से 168 बाल भिखारियों को सफलतापूर्वक बचाया है। यह जानकारी आज सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब भवन में



### 88 मजबूर बच्चों को सुरक्षित सरकारी आश्रय स्थलों में भेजा गया; बाल शोषण पर कड़ी कार्रवाई शुरू, पंजाब अब वैज्ञानिक रेस्क्यू, पुनर्वास और डीएनए पहचान मुहिम के जरिए भिखारी–मुक्त भविष्य की ओर बढ़ रहा है–मंत्री

आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट, जो लगभग 9 महीने पहले शुरू हुआ था, अब 'जीवनजोत 2.0' के रूप में अपग्रेड होकर और अधिक तेज़, सुदृढ़ व प्रभावशाली ढंग से चलाया जा रहा है। यह न केवल रेस्क्यू अभियानों तक सीमित है, बल्कि इसमें वैज्ञानिक पहचान, डीएनए परीक्षण, पुनर्वास और मुख्यधारा में एकीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने कहा-पंजाब को देश का सेमी कंडक्टर हब के रूप में विकसित किया जाएगा

## पंजाब सरकार सशक्त सेमीकंडक्टर ईको–सिस्टम के विकास के लिए प्रतिबद्ध, राज्य में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए अपार संभावनाएं

रमन कुमार

चंडीगढ़, – मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि पंजाब सरकार राज्य में मजबूत सेमीकंडक्टर ईको–सिस्टम विकसित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। आज यहां सेमीकंडक्टर उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने आधुनिक तकनीक में सेमीकंडक्टर चिप् के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह लगभग सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अनिवार्य हिस्सा होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि सेमीकंडक्टर बुनियादी बदलावों से लेकर उन्नत तकनीकों तक की कार्यशीलता की विशाल श्रृंखला को सक्षम बनाते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सेमीकंडक्टर उद्योग की विशाल संभावनाओं को उजागर करते



हुए कहा कि यह उद्योग वर्तमान समय में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 20 से 23 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर के साथ योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सेमीकंडक्टर उद्योग इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव, औद्योगिक ऑटोमेशन, दूरसंचार, एयरोस्पेस एवं रक्षा, ऊर्जा एवं बिजली, चिकित्सा उपकरणों, डेटा सेंटर व क्लाउड कंप्यूटिंग, स्मार्ट डिवाइसेज़, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कई अन्य क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से सेमीकंडक्टर के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है, जिसमें फैब्रिकेशन यूनिट्स, चिप डिज़ाइन, इलेक्ट्रॉनिक डिज़ाइन ऑटोमेशन (ई.डी.ए.) सेवाएं और संबंधित क्षेत्रों में क्षमताएं बढ़ रही हैं।

# बाल भिक्षावृत्ति निवारण कार्य बल ने छापेमारी कर भीख मांगते 3 बच्चों को बचाया

मनदीप कौर

जालंधर, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु पंजाब सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे जीवनजोत प्रोजेक्ट 2.0 के अंतर्गत, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अजय भारती के नेतृत्व में जिला स्तरीय बाल भिक्षावृत्ति निवारण कार्य बल ने आज कयूरो मॉल, निक्कू पार्क, गीता मंदिर मॉडल टाउन और बस स्टैंड पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कयूरो मॉल क्षेत्र से भीख मांगते 3 बच्चों को बचाया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि इन बच्चों की उम्र लगभग 5–6 वर्ष है, जिनमें 2 लड़के और एक लड़की शामिल है। उन्होंने बताया कि बच्चों का मैडिकल करवाने के बाद उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया और फिर नारी निकेतन में आश्रय प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों के माता–पिता के बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित होने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई बच्चा भीख मांगता या बाल श्रम करता हुआ पाया जाए तो इसकी सूचना चाइल्ड लाइन 1098 पर अवश्य दें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे किसी भी बच्चे को छोटी–मोटी धनराशि देकर बाल भिक्षावृत्ति को बढ़ावा न दें, बल्कि बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान में सहयोग करें। श्री भारती ने यह भी कहा कि यदि कोई अभिभावक बच्चे से भीख मंगवाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय बाल भिक्षावृत्ति निरोधक टास्क फोर्स द्वारा इससे पहले भी बाल भिक्षावृत्ति रोकने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है।

# युद्ध नशों विरुद्ध मुहिम के अंतर्गत डिप्टी स्पीकर ने शहीद- ए- आज़म भगत सिंह नेशनल मैराथन करवाने के लिए विशेष मीटिंग बुलायी

रमन कुमार

चंडीगढ़, –नशों के विरुद्ध शुरु की जंग को जारी रखते हुये आज पंजाब विधान सभा के डिप्टी स्पीकर श्री जय कृष्ण सिंह रोड़ी द्वारा नशा विरोधी मुहिम के हिस्से के तौर पर शहीद– ए– आज़म भगत सिंह राष्ट्रीय मैराथन करवाने के लिए एक विशेष मीटिंग बुलायी गई। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व अधीन पंजाब के नौजवानों को बचाने, उनके भविष्य को सुरक्षित करने और एक जीवंत, खुशहाल और खेल प्रेमी राज्य के तौर पर पंजाब की शान को बहाल करने के लिए नशों के विरुद्ध राज्य स्तरीय मुहिम चलाई जा रही है। आज की विशेष मीटिंग इसी संदर्भ में बुलाना गई थी, और उन्होंने उम्मीद जतायी कि हर पंजाबी द्वारा सरकार के इस प्रयास का दिल से समर्थन किया जायेगा। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि चल रही नशा विरोधी मुहिम के हिस्से के तौर पर 27 सितम्बर, 2025 को फुटबाल की नर्सरी के तौर पर जाने जाते माहिलपुर ( गढ़शंकर), ज़िला होशियारपुर में राज्य स्तरीय शहीद– ए– आज़म भगत सिंह नेशनल मैराथन करवाई जायेगी और यह मीटिंग विशेष तौर पर इस राज्य स्तरीय समागम सम्बन्धी योजना बनाने के लिए बुलायी गई थी। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय समागम की तैयारियां सम्बन्धित विभागों के सहयोग से पूरी की जा सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस मैराथन में एस.आर.एस.एफ एन.जी.ओ की तरफ से भी सहयोग दिया जा रहा है। श्री जय कृष्ण सिंह रोड़ी ने इस बात पर रौशनी डाली कि मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत सिंह मान द्वारा अपना शपथ ग्रहण समागम शहीद– ए– आज़म सरदार भगत सिंह की जन्म भूमि खटकड़ कलाँ में करवाया गया था और हर साल शहीद– ए– आज़म के जन्म दिन के मौके पर वहाँ राज्य स्तरीय समागम करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस साल भी शहीद– ए– आज़म के जन्म दिन 28 सितम्बर, 2025 के मौके पर राज्य स्तरीय समागम करवाया जायेगा। उन्होंने आगे कहा



कि इसी सम्बन्ध में एक दिन पहले तारीख़ 27 सितम्बर, 2025 को शहीद– ए– आज़म सरदार भगत सिंह को समर्पित यह मैराथन करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इन दिनों में ही विश्व पर्यटन दिवस भी मनाया जा रहा है। इस लिए उन्होंने विश्व पर्यटन दिवस और शहीद– ए– आज़म के जन्म दिन को समर्पित राज्य स्तरीय प्रोग्राम बनाने का विचार किया जा रहा है जिससे इसको एक महत्वपूर्ण और उद्देश्यपूर्ण समागम बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि शहीद– ए– आज़म सरदार भगत सिंह ने एक खुशहाल और प्रगतिशील देश का स्वप्न देखा था जिसमें हर नौजवान देश के लिए बलिदान देने का जज़्बा रखता हो। उन्होंने कहा कि सरदार भगत सिंह की सोच को मुख्य रखते हुये नशों को जड़ से ख़त्म करने के लिए ऐसे प्रयास करना हमारा फर्ज बनता है। उन्होंने कहा कि यह मैराथन हमारे नौजवानों को नशों से दूर रहने और नशा मुक्त पंजाब सृजन करने के लिए दौड़ने, नौजवानों को खेल के साथ जोड़ने के साथ साथ देशभक्तों को समर्पित होगी जिससे हमारे नौजवानों में देशभक्ति का जज़्बा पैदा हो सके।




# राष्ट्रपति भवन दिव्यांगजनों के अनुकूल बना, अब राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट 22 भाषाओं में उपलब्ध

एसके सक्सैना

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (25 जुलाई, 2025) अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिए। अपने कार्यकाल का तीसरा वर्ष पूरा करते हुए, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन और प्रेसीडेंट्स एस्टेट में शुरू की गई विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों में भाग लिया, जिनमें शामिल हैं- दिव्यांगजनों के अनुकूल राष्ट्रपति भवन की घोषणा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान की 50 सूत्री अनुशंसाओं को लागू करने के बाद राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय दिव्यांगजनों के अनुकूल परिसर बन गए हैं।

# हमारी सरकार बनाओ, हरियाणा की तर्ज पर सभी फसलों की खरीद होगी और एमएसपी दी जाएगी- भाजपा पंजाब के प्रेस सचिव हरदेव सिंह उभा

एसके सक्सैना

चंडीगढ़ –भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश प्रेस सचिव हरदेव सिंह उभा ने आज एक प्रेस नोट के माध्यम से पंजाब के किसानों को भरोसा दिलाया कि अगर पंजाब में भाजपा की सरकार बनी तो किसानों के हित में ऐतिहासिक फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हरियाणा की तर्ज पर पंजाब में भी फसलों की खरीद को पूरी तरह वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाएगी। हर किसान की हर फसल सरकार द्वारा खरीदी जाएगी और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) की पूरी राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की जाएगी। हरदेव उभा ने कहा कि आज पंजाब का किसान कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है, सरकारी खरीद की कोई गारंटी नहीं है और मंडियों में मनमर्जी का माहौल है। ऐसी स्थिति को सिर्फ भाजपा ही बदल सकती है। उभा ने



कहा कि भाजपा सरकार आने पर एमएसपी सिर्फ कागज़ों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उसे ज़मीन पर लागू किया जाएगा। साथ ही, खेती से जुड़ी अन्य मूलभूत सुविधाएं – जैसे पानी, बिजली, मौसम के अनुकूल बीज, और बाज़ार तक पहुंच – में भी सुधार लाया जाएगा। हमारी पार्टी किसान–हितैषी है और किसानों की भलाई ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

# सीजीएसटी लुधियाना ने 260 करोड़ रुपये के फर्जी बिलिंग घोटाले का किया पर्दाफाश, 2 गिरफ्तार

मनदीप कौर

लुधियाना, विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर, केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी), लुधियाना आयुक्तालय के अधिकारियों ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के मंडी गोबिंदगढ़ क्षेत्र में कई तलाशी अभियान चलाए। इन अभियानों के दौरान लोहे और इस्पात क्षेत्र में फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) प्राप्त करने एवं उसे आगे वितरित करने में लिप्त एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जो पाँच फर्मों के माध्यम से यह धोखाधड़ी कर रहा था। तलाशी के दौरान अधिकारियों ने एक ऐसी कार्यप्रणाली का खुलासा किया, जिसमें धोखेबाज गिरोह ऋणग्रस्त रोलिंग मिलों का अधिग्रहण कर, उन्हें एक मुखौटा (फ्रंट) के रूप में उपयोग कर फर्जी आईटीसी प्राप्त करता था और जीएसटी प्रवर्तन एजेंसियों से बचने का प्रयास करता था। तलाशी कार्रवाई के पश्चात, 24 जुलाई 2025 को उक्त फर्मों का संचालन और नियंत्रण करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, फर्जी बिलों का अनुमानित मूल्य लगभग ?260 करोड़ है, जिससे सरकारी राजस्व को लगभग 47 करोड़ का नुकसान हुआ है। अब तक की दो गिरफ्तारियों के पश्चात, पूरे नेटवर्क की विस्तृत जांच की जा रही है तथा इसमें संलिप्त अन्य संस्थाओं और व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। सीजीएसटी लुधियाना आयुक्तालय, कर धोखाधड़ी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और ईमानदार करदाताओं के लिए निष्पक्ष और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।




# जसवीर सिंह गढ़ी द्वारा डा. अम्बेदकर पुस्तकालय बॉम्बे हिल का दौरा

**पंकज**

चंडीगढ़ / ऑकलैंड, 23 जुलाई–पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने अपने न्यूजीलैंड दौरे के दौरान ऑकलैंड के श्री गुरु रविदास टैंपल हिल बॉम्बे हिल में स्थित डा. अम्बेदकर पुस्तकालय का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रवासी पंजाबी बच्चों को पंजाबी भाषा से जोड़ने में यह पुस्तकालय अहम भूमिका अदा कर रहा है। स. गढ़ी ने कहा कि पंजाबी संस्कृति को तभी हम अपनी भावी पीढ़ियों तक पहुँचा सकेंगे यदि उनको हम अपनी मातृभाषा पंजाबी के साथ जोड़ कर रखेंगे। उन्होंने कहा कि जहाँ श्री गुरु रविदास टैंपल बॉम्बे हिल हमारे गुरूओं की तरफ से दर्शाये मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है वहाँ यह पुस्तकालय हमें ज्ञान देने साथ–साथ संस्कृति के साथ भी जोड़ रहा है। इस मौके पर उनके साथ प्रधान निर्मलजीत सिंह भट्टी, उप–प्रधान मलकियत सिंह सहोता, जरनल सचिव हंस राज कटारिया, सहायक सचिव पलविन्दर सिंह, ख़ज़ांची प्रदीप कुमार चेज़ार, सहायक ख़ज़ांची सुरिन्दर कुमार, ऑडिटर पंकज कुमार, मैंबर पियारा रत्तू, रविन्द्र सिंह झम्मट, कुलविन्दर सिंह झम्मट, जसविन्दर संधू, करनैल बद्धण शामिल थे।

# अवैध कब्जों के खिलाफ जालंधर प्रशासन सख्त

## एस.डी.एम. 31 जुलाई तक करेंगे सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों की पहचान, सरकारी स्वामित्व के लगाएंगे साइनबोर्ड

**मनदीप कौर**



जालंधर, –जला प्रशासन जालंधर ने अवैध कब्जों को हटाने के लिए सख्त अभियान शुरू किया है। डिप्टी कमिश्नर डा.हिमांशु अग्रवाल ने जालंधर जिले के सभी एस.डी.एम के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की और सख्त निर्देश दिए है कि 31 जुलाई तक अपने–अपने अधिकार क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों की पहचान कर सरकारी स्वामित्व के साइनबोर्ड लगा दिए जाएँ, ताकि यहाँ खेल के मैदान और पार्क विकसित किए जा सकें। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों की शिकायतों को देखते हुए उन्होंने ये निर्देश जारी किए हैं। डा.अग्रवाल ने एस.डी.एम. को इन खाली पड़ी ज़मीनों पर अस्थायी रूप से पार्क और खेल के मैदान विकसित करने के प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि इनका सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके और अनधिकृत अतिक्रमण को रोका जा सके। उन्होंने आगे कहा कि खाली पड़ी सरकारी ज़मीन का लोगों की सुविधा के लिए उपयोग करने से समाज को लाभ होगा और साथ ही संपत्तियों को अवैध अतिक्रमण से भी बचाया जा सकेगा। डिप्टी कमिश्नर ने एस.डी.एम. से पहचान की ज़मीनों के सटीक स्थान, माप, स्वामित्व विवरण, वर्तमान कब्जे की स्थिति और उनसे संबंधित किसी भी अदालती मामले सहित एक विस्तृत रिपोर्ट भी माँगी है। इसके अलावा, उन्होंने सरकारी हितों की रक्षा करते हुए ऐसी संपत्तियों के सर्वोत्तम उपयोग के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने को भी कहा है। सरकारी ज़मीनों की सुरक्षा के लिए जालंधर प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए, डिप्टी कमिश्नर ने ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान, निशानदेही और सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने सभी एस.डी.एम को 31 जुलाई, 2025 तक अपनी विस्तृत रिपोर्ट उनके दफ्तर में जमा करने का निर्देश दिया, ताकि ज़िले में सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए आगे की कार्रवाई शुरू की जा सके। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि 31 जुलाई के बाद सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण पाया गया तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गृहमंत्री अमित शाह के गांधी नगर लोकसभा क्षेत्र में जगदीश समराय ने फूंका चुनावी बिगुल

## कहा, पंजाब की तरह गुजरात में भी लागू होंगी जन हितैषी नीतियां...

**कैप्टन सुभाष चंद्र**

गांधी नगर/गुजरात जालंधर – गुजरात में होने वाले आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इसी के चलते पार्टी हाईकमान ने जालंधर के सिनियर आप नेता जगदीश समराय की ड्यूटी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लोकसभा क्षेत्र गांधी नगर के अंतर्गत आते विधानसभा इलाके सानंद में पार्टी का प्रचार–प्रसार तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने को लेकर को–ऑर्डिनेट की जिम्मेदारी लगाई गई है। जगदीश समराय ने आम आदमी पार्टी के कन्वीनर अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान, पंजाब इंचार्ज इंचार्ज मनीष सिसोदिया, गुजरात प्रदेश इंचार्ज विधायक दिल्ली गोपाल राय, केबिनेट मंत्री पंजाब मोहिंदर भगत का को–ऑर्डिनेट सानंद लगाने के लिए धन्यवाद किया। जगदीश समराय ने अपने साथियों सहित सानंद पहुंच कर बताया कि सानंद विधानसभा चुनाव क्षेत्र बहुत बड़ा विधानसभा क्षेत्र है जिसमें 2 लाख 81 हजार 345 वोट है। लेकिन यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आज चुनावी तैयारियों को लेकर हल्का इंचार्ज योगेश ठाकुर द्वारा रखी गई एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें को–आर्डिनेटर जगदीश समराय ने विशेष रूप से भाग लिया। इस बैठक में पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ–साथ पार्टी कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इस अवसर पर जगदीश समराय ने पार्टी पदाधिकारियों को बताया कि पंजाब में आप सरकार द्वारा लोक हितैषी नीतियों से लोग काफी प्रभावित हैं इसी का परिणाम है कि समय–समय पर हुए उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी बड़ी लीड से विजयी हुए हैं। उन्होंने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के गृहमंत्री का लोकसभा क्षेत्र होने के पश्चात भी यह इलाका काफी पिछड़ा हुआ है,यहां के लोग मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से वंचित दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब में आप सरकार ने मुहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को बस किराए में छूट,हर महीने बिजली के 300 यूनिट फ्री जैसी कई योजनाएं चलाई हुई हैं, यही नहीं अब तो पंजाब का हर निवासी 10 लाख रुपए तक कैश लैस इलाज पंजाब के किसी भी अस्पताल में करवा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर गुजरात में भी लोग आम आदमी पार्टी को जीताते हैं तो जल्द ही गुजरात के लोगों को पता चल जाएगा कि विकास किसको कहते हैं। उनको भी पंजाब जैसी सुविधाएं मिलेंगी। जगदीश समराय जहां पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं गांव गांव घूम कर लोगों से मिल रहे हैं, वही भाजपा और कांग्रेस के गढ़ों में संधमारी करते हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी में शामिल करवा रहे हैं ।



# पंजाब के वित्त मंत्री सरदार हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में नाबार्ड पंजाब ने मनाया 44वां स्थापना दिवस

**एसके सक्सैना**



चंडीगढ़ राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) पंजाब क्षेत्रीय कार्यालय ने अपना 44वाँ स्थापना दिवस मनाया और राज्य में ग्रामीण रूपांतरण, कृषि नवाचार और वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस कार्यक्रम में पंजाब सरकार के माननीय वित्त मंत्री, श्री हरपाल सिंह चीमा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। राज्य सरकार, सहकारिता विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और पैक्स और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। नाबार्ड पंजाब क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक, श्री विनोद कुमार आर्य ने अपने संबोधन में नाबार्ड की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा के बारे में जानकारी दी। श्री आर्य ने कहा- 卐पंजाब की ग्रामीण प्रगति की यात्रा में नाबार्ड विश्वसनीय विकास का भागीदार रहा है। कृषि – बुनियादी ढाँचे को सहयोग देने, सहकारिताओं को मज़बूत करने और आजीविका संबंधी हस्तक्षेपों को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों ने किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाया है। आगे बढ़ते हुए, हम जलवायु–अनुकूल कृषि, ई–केसीसी सहित डिजिटल रूपांतरण और समावेशी विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे और सहकारिता मंत्रालय की पहल 卐 सहकार से समृद्धि卐 के तहत सहकारी समितियों को सशक्त बनाएंगे, जिसका विषय 卐सतत भविष्य के लिए सहकारिता卐 है। अपने भाषण में, पंजाब सरकार के माननीय वित्त मंत्री ने भारत, विशेषकर पंजाब राज्य की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों (जैसे सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण संपर्क और कृषि में बुनियादी ढाँचा) में नाबार्ड की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंजाब के ग्रामीण विकास में नाबार्ड का योगदान अमूल्य है। रियायती ब्याज दरों पर महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के वित्तपोषण से लेकर स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) जैसी बुनियादी संस्थाओं के पोषण तक, नाबार्ड ने राज्य सरकार के प्रयासों में निरंतर सहयोग दिया है। उन्होंने लांबड़ा द्वारा की जा रही विविध गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। कांगड़ी एमपीसीएस के अध्यक्ष और पंजाब के सभी पैक्स को लाभदायक और संधारणीय बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने संधारणीय कृषि, जल संरक्षण और ग्रामीण उद्यम प्रोत्साहन जैसे क्षेत्रों में नाबार्ड के साथ निरंतर सहयोग पर ज़ोर दिया। समारोह में नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से संवर्धित विभिन्न कार्यकम/परियोजनाओं की सफलता की कहानियों को प्रदर्शित किया गया और संबंधित कुछ चुनिंदा पैक्स, सहकारी बैंकों, एफपीओ और ओएफपीओ को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण विकास को गति देने हेतु रणनीतियों को इंगित करने हेतु हितधारकों के बीच संवाद के लिए एक मंच भी प्रदान किया।

नाबार्ड अपनी सेवा के 44वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, इस अवसर पर पंजाब क्षेत्रीय कार्यालय ने एक सुदृढ़ और जीवंत ग्रामीण पंजाब सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और विकास भागीदारों के साथ तालमेल से काम करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रकाशित किया।

# विशेष डी.जी.पी. राम सिंह ने सी.पी. दफ्तर जालंधर में साइबर कियोस्क का किया उद्घाटन

## युद्ध नशे के विरुद्ध; डी.जी.पी. के नेतृत्व में चलाया कासो अभियान, जालंधर सी.पी. सहित तीन जिलों के एस.एस.पी के साथ की बैठक

**एसके सक्सैना**




जालंधर, कमिश्नरेट पुलिस जालंधर द्वारा डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए,दफ्तर पुलिस कमिश्नर जालंधर में एक साइबर कियोस्क मशीन स्थापित की गई। इसका उद्घाटन विशेष डी.जी.पी. (तकनीकी सहायता सेवाएँ) राम सिंह (आईपीएस) ने किया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर जालंधर धनप्रीत कौर, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर संदीप कुमार, डी.सी.पी इनवेस्टिगेशन मनप्रीत सिंह ढिल्लों और अन्य सीनियर पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। यह साइबर कियोस्क एक स्टैंडअलोन मशीन है, जो मोबाइल उपकरणों और यू.एस.बी स्टोरेज उपकरणों से खतरनाक, संदिग्ध या हानिकारक फ़ाइलों और एप्लिकेशन की पहचान करती है, जिसके माध्यम से नागरिक अपने डिजिटल उपकरणों को सुरक्षित रख सकेंगे। इसके साथ ही, विशेष डी.जी.पी. राम सिंह के नेतृत्व में, पुलिस कमिश्नर जालंधर और संबंधित ए.सी.पी के साथ मिल पूरे शहर में एक लक्षित कासो अभियान भी चलाया गया। पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए अभियान 卐युद्ध नशे के विरुद्ध卐 के तहत नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने और आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए विभिन्न हॉटस्पॉट क्षेत्रों में चेकपॉइंट स्थापित करके यह अभियान चलाया गया। इसके अलावा, विशेष डी.जी.पी. राम सिंह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें सी.पी. जालंधर धनप्रीत कौर, एस.एस.पी. कपूरथला गौरव तुरा, एस.एस.पी होशियारपुर संदीप कुमार मलिक और एस.एस.पी. जालंधर (ग्रामीण) हरविंदर सिंह विर्क के अलावा जे.सी.पी. जालंधर और अन्य सीनियर अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कानून–व्यवस्था को मजबूत करने और नशे के खिलाफ लड़ाई को और प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। कमिश्नरेट पुलिस जालंधर ने नागरिकों से नए स्थापित साइबर कियोस्क की मदद लेकर अपने डिजिटल उपकरणों को हानिकारक सामग्री से बचाने की अपील की। यह कदम नागरिक सुरक्षा, स्मार्ट पुलिसिंग और साइबर अपराध रोकथाम के प्रति पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**पंकज**




भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने आज (23 जुलाई, 2025) राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुलाकात की। भारतीय रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति महोदया ने कहा कि तीव्र प्रौद्योगिकी संबंधी परिवर्तन के इस दौर में डिजिटल समाधानों का एकीकरण एक आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति से अवगत रहना और उन्हें अपने कामकाज में लागू करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन–आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह इमेजरी और संपत्ति रिकॉर्ड रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन अब भविष्य की अवधारणाएं नहीं हैं, वे शासन का हिस्सा बन रहे हैं। श्री मती मुर्मु ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे बुनियादी ढांचा विकास में हरित प्रथाओं को अपनाएं, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाएं, अपव्यय को कम करें और छावनियों में जल संरक्षण सुनिश्चित करें। सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में उभरते नेत्तृवकर्ताओं के रूप में युवा एमईएस अधिकारियों की न केवल निर्माण करने की, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उन्हें सतत विकास को बढ़ावा देने और रक्षा बुनियादी ढांचे के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि %आत्मनिर्भर भारत% के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एमईएस %मेक इन इंडिया% पहल के तहत स्वदेशी सामग्री और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति महोदया ने कहा कि जल संसाधनों का सतत विकास और जल का कुशल प्रबंधन जल सुरक्षा और विकास की कुंजी है, विशेष रूप से बदलते जलवायु रूझानों के मद्देनजर। स्वच्छ पानी उपलब्ध कराकर और जल संरक्षण को बढ़ावा देकर हमारा देश सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है, कृषि उत्पादकता को बढ़ा सकता है और प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अभियांत्रिकी समाधान प्रदान करके जल संबंधी बुनियादी ढांचे के विकास में केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों का योगदान देश को प्राकृतिक मानव– निर्मित जल संकटों के प्रति अधिक समायोजन–योग्य बनाएगा।

# ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता

# नए भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि

पीयूष गोयल



भारत–ब्रिटेनव्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए)भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर पहचान देने के साथ–साथरोज़गार के असंख्य अवसरों कासृजनकरेगा औरप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप लोगों को प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च–गुणवत्ता वाली वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा।

भारत औरब्रिटेनव्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए), ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के मुक्त व्यापार समझौते और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य विकसित देशों के साथ इसी तरह के समझौतों के अनुरूप है। यह मोदी सरकार के विकसित भारत 2047 के स्व प्नक को साकार करने के क्रम में आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन को अधिकतम करने की रणनीति का एक हिस्सा है।

प्रधानमंत्री की रणनीति–वर्ष 2014 में, मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को पुनर्स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्यस बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई। विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए)पर हस्ताक्षर करना, इस व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है। एफटीए,व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाते हैं।

विकसित देशों के साथ एफटीए, जिनके भारत के साथ प्रतिस्पर्धी व्यापारिक हित नहीं हैं, दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद है, जबकि पिछली सरकार ने भारत के दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने का रवैया अपनाया था।

यूपीए शासनकाल में, विकसित देशों ने भारत के साथ व्यापार वार्ता लगभग रोक दी थीऔर उस समय भारत को दुनिया की ऽपाँचकमजोरऽ अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2014 से लगभग तीनगुना बढ़कर लगभग 331 लाख करोड़ रुपये हो गया है। क्रांतिकारी सुधारों, व्यापार में आसानी और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक गंतव्यथ के रूप में उभरने मेंसहायता की है। आज, दुनिया भारत की अद्भुत गाथा में भागीदारी के साथ–साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करना चाहती है।

बाजार पहुंच, प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त– यह एफटीए ब्रिटेन के बाजार के सभी क्षेत्रों में भारतीय वस्तुओं के लिए व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। यह लगभग 99प्रतिशत टैरिफ लाइनों के टैरिफ को समाप्त करते हुए व्यापार मूल्य के लगभग 100प्रतिशत को कवर करता है। इस समझौते के अंतर्गत 56बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार से सृजित होने वाले व्योपक अवसरों केवर्ष 2030 तक दोगुना होने का अनुमान है।

छोटे व्यवसाय समृद्ध होंगे, क्योंकि भारतीय उत्पादों को प्रतिद्वंद्वियों पर स्पष्ट प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल होगी। फुटबॉल, क्रिकेट उपकरण, रग्बी गेंदें और खिलौने बनाने वाली कंपनियों का ब्रिटेनमें अपने कारोबार में उल्लेखनीय विस्तार होगा।

असंख्य रोज़गार– आकर्षक बाज़ार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त सेनिर्यातस्थाबयित्वे के साथ–साथ निवेश और रोजगार सृजन मेंवृद्धिहोगी। भारत वस्त्रस, चमड़ा और जूतेसे जुड़े क्षेत्रों में ब्रिटेन को आपूर्ति करने वाले तीन प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनने की शानदार स्थिति में है और इससे भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में प्रमुख क्षमता के रूप में उभरने में सहायतामिलने के साथ ही यह छोटे व्या्वसायियों, कारीगरों और महिलाओं को भी सहायता प्रदान करेगा।

रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, रसायन और फोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में भी वृद्धि होने की आशा है।



किसान प्रथम– 95प्रतिशत से अधिक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा, जिससे कृषि–निर्यात और ग्रामीण समृद्धि में तीव्र वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

शुल्क–मुक्त बाज़ार पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है, जो वर्ष 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर के कृषि–निर्यात के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देगा। यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाज़ार को खोल देगा, जो जर्मनी, नीदरलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देशों को मिलने वाले लाभों के बराबर या उससे भी अधिक होगा।

हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को भी शुल्क–मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। निर्यात बढ़ने से कृषि आय में वृद्धि होगी तथा गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन को अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला में रोज़गार के असंख्य अवसर सृजित होंगे। कमज़ोर वर्गों की सुरक्षा–घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए एफटीएमें भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। भारत ने डेयरी उत्पादों, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। ये रियायतें, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमज़ोर कृषक समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को रेखांकित करती हैं। मछुआरों का विकास–भारतीय मछुआरे, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु के मछुआरे, ब्रिटेन के समुद्री आयात बाजार तक पहुंच के माध्यम से उल्लेखनीय विस्तार का अनुभव करेंगे।

झींगा और अन्य समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन का आयात शुल्क वर्तमान 20 प्रतिशत से घटकर शून्य हो जाएगा। यह संभावना अभूतपूर्व है क्योंकि ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.25 प्रतिशत है।

सेवाएं और पेशेवर–यह समझौता आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवाऔर शिक्षा सहित विभिन्नऔ सेवाओं को गति प्रदान करेगा और भारतीयों के लिए नवीन अवसरों का सजृन करेगा। इस समझौते में संविदा सेवा प्रदाता, व्यावसायिक यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और रसोइये सहित कुशल पेशेवरों के लिए भारत नेअनुकूल गतिशीलता प्रावधान सुनिश्चित किए हैं। अभिनव एफटीए–प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत के एफटीए में वस्तुओं और सेवाओं के अलावाअन्यं महत्वलपूर्ण बातें शामिल हैं। इसएफटीए ने नए मानक स्थापित किए हैं। इस ईएफटीए के साथ, भारत ने 100 अरब डॉलर के निवेश की बाध्यकारी प्रतिबद्धता हासिल की है, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। ऑस्ट्रेलिया के एफटीए के साथ, भारत ने दोहरे कराधान के मुद्दे का समाधान किया, जो आईटी कंपनियों के लिए एक बाधा बना हुआ था। इस एफटीए का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू दोहरा अंशदान समझौता है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं और अस्थायी भारतीय कर्मचारियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं–व्यापार समझौते प्रतिस्पर्धा बढ़ाते हैं, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च–गुणवत्ता युक्ते वस्तुएं प्राप्त करने मंओ सहायता मिलती है। मोदी सरकार ने गुणवत्ता को प्रोत्सागहन और बढ़ावा देने के लिएनीतिगत समर्थन प्रदान किया है, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए हैं और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर वार्तालाप किया है।


सरकार ने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले उद्योग जगत और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक हितधारक परामर्श किया है। यह जानकर प्रसन्न ता का अनुभव होता है कि उद्योग निकायों ने मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते का भारी समर्थन और स्वागत किया गया है। सीईटीए बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों के लिए एक मानक है। यह हमारे मूल हितों से समझौता किए बिना, वंचित समुदायों के लिए आकर्षक वैश्विक अवसरों के द्वार खोलता है। यह इस बात का एक ज्वलंत उदाहरण है कि नया भारत व्यापार किस प्रकार करता है।

**(लेखक भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं)**

# संसद प्रश्न–घरेलू अनुसंधान इकोसिस्टम

रमन कुमार

ऐसा कोई सांख्यिकीय साक्ष्य या डेटा नहीं है जो यह दर्शाता हो कि भारत में पर्याप्त बुनियादी ढांचे, वित्त पोषण और अवसरों की कमी के कारण बड़ी संख्या में भारतीय छात्र और शोधकर्ता उन्नत शोध के लिए विदेश जा रहे हैं। घरेलू अनुसंधान इकोसिस्?टम में सुधार के लिए सरकार द्वारा कई पहल की गई हैं। इनमें उच्च–दांव वाले मिशन–संचालित पहलों की स्थापना, जैसे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन; अंत:विषय साइबर–भौतिक प्रणालियों पर राष्ट्रीय मिशन और आयात पर निर्भरता कम करने, घरेलू नवाचार को बढ़ावा देने तथा भारत को चिन्हित क्षेत्रों में वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करने हेतु प्रमुख प्रौद्योगिकियों के विकास पर केंद्रित राष्ट्रीय भू–स्थानिक मिशन शामिल हैं। सरकार ने स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने और देश में नवाचार एवं उद्यमिता के लिए एक मजबूत और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। सरकार द्वारा भू–स्थानिक नीति 2022 और बायोई3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति 2024 सहित



कई नीतिगत उपाय शुरू किए गए हैं। सरकार ने हमारे तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करने की दिशा में एएनआरएफ अधिनियम 2023 के माध्यम से अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) की स्थापना की है, जो हमारे अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र में एक बड़ा बदलाव है। सरकार कई योजनाओं/कार्यक्रमों के माध्यम से अनुसंधान के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है। इनमें विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कोष (एफआईएसटी), विश्वविद्यालय अनुसंधान और वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना (पीयूआरएसई), अकादमिक विश्वविद्यालय अनुसंधान संयुक्त सहयोग के लिए है।

# महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के लिए सख्त कार्रवाई

मनदीप कौर

भारतीय न्याय संहिता, 2023 में पहली बार महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध से संबंधित प्रावधानों को प्राथमिकता देते हुए एक अध्याय में शामिल किया गया है। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के लिए मृत्युदंड तक की कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। 18 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की सजा के दोषी के शेष जीवनकाल या मृत्यु तक आजीवन कारावास का प्रावधान है।

भारतीय न्याय संहिता में, सामूहिक बलात्कार की नाबालिग पीड़ितों के लिए आयु का अंतर समाप्त कर दिया गया है। पहले 16 वर्ष और 12 वर्ष से कम आयु की लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार के लिए अलग–अलग दंड निर्धारित किए गए थे। इस प्रावधान में संशोधन किया गया है और अब अठारह वर्ष से कम आयु की महिला के साथ सामूहिक बलात्कार के लिए आजीवन कारावास या मृत्युदंड की सजा का प्रावधान है।

महिलाओं को परिवार के एक वयस्क सदस्य के रूप में मान्यता दी गई है जो सम्मन वाले व्यक्ति की ओर से सम्मन प्राप्त कर सकती हैं। पहले %किसी वयस्क पुरुष सदस्य% के संदर्भ को %किसी वयस्क सदस्य% से बदल दिया गया है।



पीड़िता को अधिक सुरक्षा प्रदान करने तथा बलात्कार के अपराध से संबंधित जांच में पारदर्शिता लागू करने के लिए, पुलिस द्वारा पीड़िता का बयान ऑडियो वीडियो माध्यम से दर्ज किया जाएगा। 1. महिलाओं के विरुद्ध कुछ अपराधों के लिए, पीड़िता का बयान, जहां तक संभव हो, एक महिला मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किया जाना चाहिए तथा उसकी अनुपस्थिति में एक पुरुष मजिस्ट्रेट द्वारा महिला की उपस्थिति में दर्ज किया जाना चाहिए, ताकि संवेदनशीलता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके तथा पीड़ितों के लिए एक सहायक वातावरण प्रदान किया जा सके।

चिकित्सकों को बलात्कार पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर जाँच अधिकारी को भेजने का निर्देश दिया गया है।

यह प्रावधान है कि पंद्रह वर्ष से कम आयु के या 60 वर्ष (65 वर्ष से पहले) से अधिक आयु के किसी भी पुरुष, महिला, मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति या गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को उस स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी जहाँ वह पुरुष या महिला निवास करता है। ऐसे मामलों में जहाँ ऐसा व्यक्ति पुलिस स्टेशन में उपस्थित होने के लिए इच्छुक हो, उसे ऐसा करने की अनुमति दी जा सकती है।

नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में मुफ्त प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार का प्रावधान है। यह प्रावधान चुनौतीपूर्ण समय में पीड़ितों की भलाई और स्वास्थ्य लाभ को प्राथमिकता देते हुए, आवश्यक चिकित्सा देखभाल तक तत्काल पहुँच सुनिश्चित करता है।

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री बंदी संजय कुमार ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

# मान सरकार 'जीवनजोत प्रोजेक्ट 2.0' के तहत प्रदेश को बाल भिक्षा मुक्त बनाने के लिए युद्धस्तर पर कर रही है प्रयास

एसके सक्सैना

चंडीगढ़, मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश को भिक्षा मुक्त बनाने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि 'जीवनजोत प्रोजेक्ट 2.0' के तहत लुधियाना और शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) जिलों से कुल 21 भीख मांगते बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग की जिला बाल सुरक्षा टीम द्वारा लुधियाना के बस अड्डे, रेलवे स्टेशन और अन्य स्थानों पर विशेष छापेमारी करके 18 बच्चों को बचाया गया, जबकि शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) से 3 अन्य बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इन सभी बच्चों को बाल कल्याण समितियों के समक्ष प्रस्तुत करके फिलहाल सुरक्षित तौर पर बाल घरों में रखा गया है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यदि जांच के दौरान यह सिद्ध होता है कि किसी व्यक्ति द्वारा इन बच्चों को भीख मांगने के लिए मजबूर किया गया



है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अगर किसी बच्चे के माता–पिता होने को लेकर शक होता है, तो बाल कल्याण समितियों द्वारा डिप्टी कमिश्नर के आदेशों के तहत डीएनए जांच भी करवाई जा सकती है, ताकि बच्चों की वास्तविक पहचान का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का सीधा उद्देश्य है कि हर बच्चे को सुरक्षित और बेहतर भविष्य वाला जीवन मिले। 'जीवनजोत 2.0' के तहत विभाग की ज़िला टीमें विभिन्न स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि लुधियाना और शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) के अलावा किसी अन्य जिले में भीख मांगते बच्चों के मामले सामने नहीं आए हैं, जो राज्य सरकार की जागरूकता मुहिम और नीतिगत इरादों की सफलता को दर्शाता है।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि राज्य से बाल भिक्षावृत्ति की भयावह समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए सामाजिक सुरक्षा विभाग की ज़िला कल्याण टीमें अपने–अपने क्षेत्रों में इस प्रकार की चेकिंग और छापेमारी लगातार जारी रखेंगी, ताकि एक भी बच्चा भीख मांगने के लिए मजबूर न हो।

अंत में उन्होंने राज्यवासियों से अपील की कि किसी भी बच्चे को भीख न दी जाए और यदि कहीं कोई बच्चा भीख मांगता नज़र आए, तो तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर सूचना दी जाए, ताकि उस बच्चे को तुरंत सुरक्षा, देखभाल और उज्जवल भविष्य उपलब्ध कराया जा सके।

# 189 करोड़ के सीमा शुल्क चोरी मामले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार; अदालत ने डीआरआई हिरासत की मंज़ूरी दी

रमन कुमार

लुधियाना, '–विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), क्षेत्रीय इकाई लुधियाना ने ?189 करोड़ के सीमा शुल्क चोरी मामले के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। आरोपी को लुधियाना के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने 20.07.2025 को आगे की पूछताछ हेतु उसे डीआरआई की हिरासत में भेजने की मंजूरी दी। आरोपी पिछले एक वर्ष से फरार था। जांच में सामने आया है कि आरोपी तीन फर्मों के फर्जी मालिकों के माध्यम से सीमा शुल्क बंधित गोदामों से शुल्क–मुक्त आयातित वस्तुओं की घरेलू बाजार में अवैध रूप से आपूर्ति कर रहा था। जबकि बंधित गोदाम लाइसेंस की शर्तों के अनुसार, इन वस्तुओं का उपयोग केवल निर्यात हेतु उत्पादों के निर्माण में कच्चे माल के रूप में किया जाना चाहिए था। पूरी धोखाधड़ी का उद्देश्य आयातित वस्तुओं पर देय शुल्क से बचना था, जिसे घरेलू बाजार में शुल्क अदा किए बिना बेचा गया। इन वस्तुओं पर देय सीमा शुल्क वस्तु के मूल्य का लगभग 100 होता है। कुल मिलाकर 189 करोड़ की सीमा शुल्क चोरी की गई। निर्यात दायित्व को पूरा करने हेतु, आरोपी ने फर्जी फर्मों के जरिए शुल्क–मुक्त वस्तुओं के बजाय अन्य बाहरी सामग्री से निर्मित जाली और नकली वस्तुओं का निर्यात करने का प्रयास किया। मामले में विस्तृत जांच अभी जारी है।

# मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में ब्रिटेन के साथ मजबूत संबंधों पर ज़ोर

## प्रमुख क्षेत्रों में आपसी सहयोग की बड़ी संभावनाएं, ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर ने मुख्यमंत्री से की भेंट

कैप्टन सुभाष चंद्र



चंडीगढ़, –पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कपड़ा उद्योग, बागवानी, शिक्षा, खेल सामग्री, लाइट इंजीनियरिंग, साइकिल निर्माण, रक्षा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में ब्रिटेन के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर कैरोलिन रोवैट ने आज मुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास पर भेंट की। इस दौरान पंजाब और ब्रिटेन के पुराने संबंधों का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में पंजाबी समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से उपरोक्त क्षेत्रों के विकास को लेकर व्यापक समझौतों के महत्त्व को रेखांकित किया और पंजाब एवं ब्रिटेन की सरकारों के बीच एक संरचित संवाद प्रणाली विकसित करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रणाली दोनों पक्षों के बीच ज्ञान और कौशल के आदान–प्रदान को और अधिक सहज बनाएगी जिससे विकास और समृद्धि को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब और ब्रिटेन के बीच विशेषकर सहयोग वाले क्षेत्रों में साझेदारी की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि निरंतर संवाद दोनों पक्षों के लिए लाभदायक रहेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि धोखेबाज वीज़ा एजेंट युवाओं का शोषण करते हैं जो उन्हें सुनहरे सपने दिखाकर अपने जाल में फंसा लेते हैं। उन्होंने कहा कि ये एजेंट झूठे वादे करते हैं और गैर–कानूनी साधनों का उपयोग करते हैं, जिससे कई परिवार आर्थिक और भावनात्मक संकट का सामना करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये एजेंट अक्सर सब्ज़बाग दिखाकर झूठा भरोसा देते हैं, जिससे अंततः युवाओं पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश हाई कमिशन की 'वीज़ा फॉड से बचाव' मुहिम और इसके व्हाट्सएप चैटबॉट की शुरुआत की सराहना की, जो यू.के. के लिए सुरक्षित और वैध मार्गों की जानकारी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह पहल लोगों को सही मार्गदर्शन देकर सीधे पहुंच उपलब्ध कराती है और उनके भविष्य को सुरक्षित करने में मददगार है।

बैठक के दौरान ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर कैरोलिन रोवैट ने भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा नशे की समस्या पर सख्ती से कार्रवाई करने की प्रशंसा की। उन्होंने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा की गई ठोस पहलों की भी सराहना की।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत और यू.के. के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता पंजाब और ब्रिटेन, दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

# पंजाब के राज्यपाल विश्व प्रसिद्ध मैराथन धावक फौजा सिंह के अंतिम संस्कार में हुए शामिल

## फौजा सिंह का जीवन एक स्वस्थ और नशामुक्त पंजाब के निर्माण के लिए सदैव प्रकाश स्तंभ बना रहेगा– गुलाब चंद कटारिया

पंकज



जालंधर, – पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया रविवार को विश्व प्रसिद्ध मैराथन धावक फौजा सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने फौजा सिंह के पैतृक गाँव ब्यास पहुँचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री कटारिया ने मैराथन धावक फौजा सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। फौजा सिंह का 14 जुलाई को अपने गाँव में सड़क पार करते समय एक तेज़ रफ़्तार वाहन की चपेट में आने से देहांत हो गया था। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत, करतारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बलकार सिंह, आदमपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी पवन कुमार टीनू और बड़ी संख्या में धार्मिक, राजनीतिक और समाजसेवी हस्तियाँ उपस्थित थी। इस दौरान पंजाब के राज्यपाल ने कहा कि फौजा सिंह एक महान मैराथन धावक होने के साथ–साथ अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प के प्रतीक थे, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने मैराथन धावक की खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि फौजा सिंह की कड़ी मेहनत और लगन युवाओं को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए हमेशा प्रेरित करती रहेगी। दिसंबर 2024 में जालंधर जिले के गाँव ब्यास से शुरू हुई दो दिवसीय %नशा मुक्त–रंगला पंजाब% पदयात्रा के दौरान मैराथन धावक के साथ बिताए पलों को याद करते हुए, श्री कटारिया ने कहा कि 114 वर्ष की आयु में भी उनका जुनून अद्वितीय था। वह न केवल युवाओं के लिए बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन हमेशा एक स्वस्थ और नशा मुक्त पंजाब के निर्माण के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में काम करेगा। राज्यपाल ने कहा कि धावक फौजा सिंह के निधन से न केवल पंजाब बल्कि देश–विदेश में बैठा हर पंजाबी और खेल प्रेमी शोक में डूब गया है। उन्होंने परिवारजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मैराथन धावक फौजा सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए पंजाब के कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि फौजा सिंह के निधन से परिवार के साथ–साथ खेल जगत को भी बहुत बड़ी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि फौजा सिंह ने मैराथन दौड़ के माध्यम से पंजाब और दुनिया भर में सिख समुदाय का नाम रोशन किया। श्री भगत ने कहा कि वे युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। इस मौके पर डी.आई.जी जालंधर रेंज नवीन सिंगला, डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल और एस.एस.पी. जालंधर (ग्रामीण) हरविंदर सिंह विर्क ने भी दिवंगत फौजा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।



# शोभा बग्गा स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों का गुरदासपुर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन

एसके सक्सैना

डीएवी सीनियर सेकंडरी स्कूल बटाला में 20 जुलाई को आयोजित डिस्ट्रीक्ट कराटे चैंपियनशिप में शोभा बग्गा स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए। 18 गोल्ड, 7 सिल्वर, 4 ब्रॉन्ज पदक जीते। जिसमे ओजस्वी बग्गा 2 गोल्ड मेडल, अगाजदीप 1 गोल्ड मेडल, जपनीत 1 सिल्वर मेडल ,मनसीरत 1 गोल्ड, जैसमीन 2 गोल्ड, युवराज सिंह 2 गोल्ड, अयान 1 गोल्ड, गुरफतेह सिंह 1 गोल्ड , सिमिर 1 ब्रॉन्ज 1 गोल्ड, निर्भान सिंह 1 सिल्वर, हरपरताप सिंह 1 सिल्वर, लक्ष 1 सिल्वर , नमन सैनी 1 गोल्ड 1 सिल्वर, लव कृष्ण 1 गोल्ड, गैरी सिंह 1 गोल्ड 1 ब्रॉन्ज, अनमोल सलामत 1 सिल्वर, हरजोध सिंह 1 गोल्ड, जोएल विल्सन 1 गोल्ड , माधव 1 ब्रॉन्ज ,शुभ सीरत 1 ब्रॉन्ज, मेहक 1 ब्रॉन्ज, 1 गोल्ड, दीपका 1 गोल्ड सभी खिलाड़ियों ने कुल 29 पदक जीते इस महान उपलब्धि में एकेडमी के डायरेक्टर श्री जीओ लाल बग्गा जी की देख रेख में कोचिंग दे रहे अनुभवी कोचों और खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शानदार प्रदर्शन से प्रसन होकर श्री सोहन लाल एआईजी एंटी नारकोटिस ,श्री विजय कुमार कमाडेंट (रीट.) ,श्री जरनैल सिंह उप कमाडेंट (रीट.) , श्री राकेश कुमार (एमसी) ने विजेता खिलाड़ियों को और कोचों को बहुत– बहुत बधाई दी।

# विरासत का सम्मान- पंजाब के 115 सरकारी स्कूलों का नाम मशहूर शख्सियतों के नाम पर रखा

## विद्यार्थियों को बलिदान और योगदान के बारे अवगत करवाने के लिए मशहूर शख्सियतों की तस्वीरें और संक्षिप्त जीवनियाँ होंगी प्रदर्शित–हरजोत बैंस

रमन कुमार



चंडीगढ़, : पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि राज्य की मशहूर शख्सियतों की गौरवमई विरासत के सम्मान के तौर पर 'आप' के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने 115 सरकारी स्कूलों का नाम स्वतंत्रता संग्रामियों, शहीदों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यश अर्जित करने वाली शख्सियतों के नाम पर रखा है। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने 18 जुलाई, 2025 को 25 सरकारी स्कूलों का नाम विभिन्न स्वतंत्रता संग्रामियों और शहीदों के नाम पर रखा है। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने कल ऐलान किया था कि जालंधर जिले के ब्यास गाँव के स्कूल का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि हासिल करने वाले प्रसिद्ध मैराथन धावक सरदार फौजा सिंह के नाम पर रखा जायेगा। पंजाब भवन में आज एक प्रैस कान्फ़्रेंस को संबोधन करते हुये स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने इन प्रसिद्ध शख्सियतों की तस्वीरें और उनका संक्षिप्त जीवन ब्योरा उनके नाम वाले स्कूलों में प्रदर्शित करने का फ़ैसला किया है जिससे विद्यार्थियों को उनके बलिदानों और योगदान से अवगत करवाया जा सके और वह महान शख्सियतों से प्रेरणा ले सकें। इससे उनकी विरासत का उपयुक्त सम्मान भी होगा। इन 115 स्कूलों का नाम ग़दर लहर के नायकों, स्वतंत्रता संग्रामियों, शहीदों और पंजाब की मशहूर शख्सियतों के सम्मान के लिए रखा गया है। स. हरजोत सिंह बैंस ने आगे बताया कि स्कूलों का नाम बदलने से विद्यार्थियों को इन महान शख्सियतों के जीवन और बलिदान से प्रेरित मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'आप' के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने साल 2023 में खटकड़ कलां के सरकारी हाई स्कूल का नाम बदल कर शहीद–ए– आज़म सरदार भगत सिंह सरकारी हाई स्कूल रखा था, जो इस महान शहीद की शहादत के दशकों बाद किया गया। उन्होंने आगे कहा, ''हम अपने शहीदों और अन्य मशहूर शख्सियतों का सम्मान करने के लिए ठोस यत्न कर रहे हैं जिन्होंने पंजाब को गौरव बढ़ाया है।'' 'युद्ध नशों के विरुद्ध' पहलकदमी के बारे मीडिया के एक सवाल के जवाब में स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विषय माहिरों के साथ मिल कर विद्यार्थियों को नशों के बुरे प्रभावों के प्रति संवेदनशील और जागरूक करने के लिए एक पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है, जो नशों की इस बुराई के विरुद्ध एक मज़बूत नींव रखेगा।

राष्ट्रीय स्तर पर सिलेबस में सिख इतिहास को शामिल करने संबंधी उठ रही माँग के एक अन्य सवाल का जवाब देते हुये शिक्षा मंत्री ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने यह भी कहा कि सिख इतिहास को उचित ढंग से पेश किया जाना चाहिए और इस तरीके से पढ़ाया जाना चाहिए जिससे असली मायनों में इसकी महत्ता को उजागर किया जा सके।

# राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास-भारत एनसीएक्स 2025 का शुभारंभ

## सक्रिय क्षमता निर्माण के माध्यम से भारत की साइबर क्षमता को बढ़ावा मिलेगा

एसके सक्सैना




राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास – भारत एनसीएक्स 2025 का आधिकारिक उद्घाटन उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री टी.वी. रविचंद्रन ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) बिमल एन. पटेल की उपस्थिति में किया। यह अभ्यास राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) द्वारा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह अभ्यास भारत की साइबर सुरक्षा स्थिति में एक बड़े कदम का प्रतीक है, जिसका मुख्य विषय है- 卐भारतीय साइबरस्पेस की परिचालन तैयारियों को बढ़ाना卐। उल्लेखनीय है कि भारत एनसीएक्स 2025 देशभर के साइबर सुरक्षा पेशेवरों, नीति निर्माताओं, रक्षाकर्मियों और उद्योग जगत के दिग्गजों को दो सप्ताह का अनुभव प्रदान करने के लिए एक ऐसा मंच उपलब्ध कराता है, जिसे वास्तविक दुनिया की साइबर घटनाओं का अनुकरण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर परिष्कृत हमले, डीपफेक हेरफेर, स्वायत्त मैलवेयर प्रतिक्रिया परिदृश्य और एपीआई सुरक्षा उल्लंघन और उनके शमन शामिल हो सकते हैं। इस अवसर पर उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री टी. वी. रविचंद्रन ने कहा कि शासन और स्वास्थ्य सेवा से लेकर ऊर्जा, परिवहन और रक्षा तक, सभी क्षेत्रों में हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे की साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, नागरिक विश्वास और सार्वजनिक सुरक्षा का आधार है। उन्होंने अभ्यास और सिमुलेशन आयोजित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया – ठीक उसी तरह की तैयारी के लिए जिसे भारत एनसीएक्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) बिमल एन. पटेल ने अपने विशेष संबोधन में बताया कि पिछले दो दशकों में साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की क्षमताएं साइबर सुरक्षा के एक सशक्त उपकरण के रूप में उभरी हैं और डिजिटल स्पेस शासन कला, प्रतिस्पर्धा और संघर्ष के एक नए क्षेत्र के रूप में विकसित हुआ है, जिसमें राष्ट्र–राज्य और राज्य–प्रायोजित संस्थाएं शामिल हैं। उन्होंने साइबर हमलों को रोकने, साइबर खतरों के प्रति देश की संवेदनशीलता को कम करने और घटनाओं के घटित होने पर न्यूनतम प्रभाव के साथ त्वरित पुनर्प्राप्ति जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों को रेखांकित किया।

भारत एनसीएक्स 2025 की मुख्य विशेषताएं–यह अभ्यास साइबर सुरक्षा और घटना प्रतिक्रिया पर केंद्रित एक व्यापक शिक्षण वातावरण प्रदान करता है, जिसमें लाइव–फायर सिमुलेशन शामिल हैं जो आईटी और परिचालन प्रौद्योगिकी (ओटी) दोनों प्रणालियों पर वास्तविक दुनिया के हमलों को दर्शाते हैं। यह प्रतिभागियों को इस बारे में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि भी प्रदान करता है कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइबर सुरक्षा परिदृश्य को नया रूप दे रहा है। यह मंच नए–नए खतरों से निपटने के लिए सरकारी निकायों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संगठनों और उद्योग के हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।

एक समर्पित रणनीतिक निर्णय–निर्माण अभ्यास राष्ट्रीय साइबर संकट परिदृश्यों से निपटने और उनकी रणनीतिक निर्णय लेने की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ नेताओं को एक मंच उपलब्ध कराता है।

सीआईएसओ कॉन्क्लेव साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और परिचालन प्रौद्योगिकी में प्रमुख विकासों का पता लगाने, अंतर्दृष्टि साझा करने और उभरते रुझानों और नीतिगत ढाँचों पर चर्चा करने के लिए सरकार और उद्योग जगत के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों को एक साथ लाएगा।

इस अभ्यास के दौरान भारत साइबर सुरक्षा स्टार्टअप प्रदर्शनी में साइबर सुरक्षा समाधान विकसित करने वाले भारतीय स्टार्टअप्स को प्रदर्शित किया जाएगा, जो देश के लिए एक सुरक्षित और आत्मनिर्भर डिजिटल बुनियादी ढाँचे के निर्माण में उनके योगदान को उजागर करेंगे।

भारत एनसीएक्स 2025 नेतृत्व जुड़ाव, अंतर–क्षेत्रीय सहयोग और क्षमता निर्माण पर ज़ोर देते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर खतरों के प्रबंधन के लिए एक एकीकृत, भविष्य–तैयार दृष्टिकोण को सुदृढ़ करता है।

यह आयोजन 21 जुलाई से 1 अगस्त, 2025 तक चलेगा, जिसका समापन एक संयुक्त डीब्रीफिंग सत्र में होगा जिसमें प्रमुख सबक समेकित किए जाएँगे, परिचालन और नीति–स्तरीय निष्कर्षों का मूल्यांकन किया जाएगा और राष्ट्रीय साइबर लचीलेपन के लिए दूरदर्शी रणनीतियाँ स्थापित की जाएंगी।


भारत एनसीएक्स 2025 जिम्मेदारीपूर्वक, सहयोगात्मक और रणनीतिक रूप से उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाकर अपने साइबर सीमाओं को मजबूत करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# राज्य के विकास परियोजनाओं में बाधा न बनें- मुख्य मंत्री की भाजपा नेताओं को चेतावनी

## धूरी विधानसभा क्षेत्र में 3 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान राशि वितरित, कहा, नशा तस्करी में शामिल बड़े मगरमच्छों का हाल नाभा जेल में देखें

एसके सक्सैना

धूरी (संगरूर), –राज्य की विकास परियोजनाओं में अनावश्यक बाधाएं डालने के लिए भाजपा नेताओं की निंदा करते हुए, पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने आज इन नेताओं को राज्य के विकास को खतरे में डालने के लिए ऐसे निंदनीय हथकंडों से दूर रहने की चेतावनी दी। धूरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 3.07 करोड़ रुपए के फंड वितरित करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए, मुख्य मंत्री ने कहा कि रेलवे मंत्रालय ने शहर के लिए रेलवे ओवर ब्रिज को मंजूरी दे दी है, जिसका भुगतान राज्य सरकार को करना है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य के एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने शहर का दौरा किया और अपने निजी राजनीतिक हितों के लिए इस परियोजना को रोकने संबंधी बयान जारी किया। इसके बाद, भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस तरह के नाटक किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और पंजाब के समझदार लोग ऐसे




राजनीतिक नेताओं को सबक सिखाएंगे। मुख्य मंत्री ने घोषणा की कि इस आर.ओ.बी. का काम जल्द शुरू हो जाएगा क्योंकि वे इस मामले को व्यक्तिगत रूप से केंद्रीय रेलवे मंत्री के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार धूरी में एक अत्याधुनिक खेल स्टेडियम भी बनाएगी। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि संगरूर में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा, जो लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरक के रूप में काम करेगा। मुख्य मंत्री ने कहा कि युवा सशक्तिकरण के लिए बड़े प्रयास के तहत, राज्य सरकार पंजाब भर में आठ यूपीएससी कोचिंग सेंटर खोलने जा रही है और इसके साथ ही धूरी में भी ऐसा एक केंद्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए लाइब्रेरी, हॉस्टल, और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ऐसी पहल यह सुनिश्चित करेंगी कि पंजाब के युवा राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के बारे में बात करते हुए, मुख्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई इस मुहिम के कारण महत्वपूर्ण परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग इस घृणित व्यापार में शामिल बड़े अपराधियों को देखना चाहते हैं, वे नाभा जेल जाकर नजारा देख सकते हैं। भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि मानवता के खिलाफ इस अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य मंत्री ने कहा कि वे युवाओं को रोजगार देकर उनके हाथों में टिफिन सौंपना चाहते हैं ताकि वे सिरिंज और अन्य नशों के खतरे से दूर रह सकें। उन्होंने कहा कि खाली दिमाग शैतान का घर माना जाता है, इसलिए राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश कर रही है कि अधिक से अधिक युवाओं को नौकरियाँ मिलें ताकि वे सामाजिक बुराइयों का शिकार न हों। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बेरोजगारी कई सामाजिक समस्याओं की जड़ है, जिसके कारण राज्य सरकार इस पर ध्यान केंद्रित कर रही है और अब तक लगभग 55,000 युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं।



# पूर्ववर्ती सरकारों ने बेअदबी करने वालों को दिया संरक्षण, नया कानून देगा मिसाली सज़ा-मुख्यमंत्री

पंकज

शहिणा (बरनाला), पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें पवित्र ग्रंथों की बेअदबी जैसी घिनौनी घटनाओं को अंजाम देने वालों को संरक्षण देती रही हैं, जबकि हमारी सरकार ने एक नए कानून के माध्यम से ऐसे अपराधियों को मिसाली सज़ा देने की व्यवस्था की है। जनता को वर्चुअल रूप से सार्वजनिक पुस्तकालय समर्पित करने के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पवित्र ग्रंथों की बेअदबी को रोकने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि बीते सोमवार को सरकार ने %पंजाब पवित्र धार्मिक ग्रंथों के विरुद्ध अपराध निवारण विधेयक–2025% विधानसभा में प्रस्तुत किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार की संवेदनशील और गंभीर घटनाएं हर पंजाबी की अंतरात्मा को झकझोर देती हैं और इसका असर वर्तमान व आने वाली पीढ़ियों पर गहरा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अपराधों को रोकने के लिए कठोर दंड

**अपने आप को प्रभावशाली मानने वाले नशा सौदागर अब नाभा जेल की सलाखों के पीछे, नशे के मुद्दे पर पारंपरिक दलों का दोहरा चरित्र उजागर**

अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि % युद्ध नशों विरुद्ध% मुहिम की शानदार सफलता ने प्रदेश सरकार की रणनीति को प्रभावी सिद्ध किया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे राजनैतिक रसूख रखने वाले प्रभावशाली लोग, जो स्वयं को कानून से ऊपर समझते थे, आज नाभा जेल में बंद हैं।

# पंजाब और हरियाणा में पुलिस अदारों पर हमलों के पीछे बी.के.आई. माड्यूल का हाथ; तीन व्यक्ति गिरफ़्तार

## पुलिस टीमों ने गिरफ़्तार व्यक्तियों से दो हैड ग्रनेड, दो पिस्तौल किये बरामद, प्राथमिक जांच के अनुसार, माड्यूल पंजाब में अन्य पुलिस अदारों पर हमलों की बना रहा था योजना- डीजीपी गौरव यादव

रमन कुमार

चंडीगढ़/ पटियाला, : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा–निर्देशों अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के मद्देनज़र चल रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने विदेशी हैंडलर मनिन्दर बिल्ला और मनु अगवान द्वारा चलाए जा रहे बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बी. के. आई.) आतंकवादी माड्यूल का पर्दाफाश करते हुये इसके तीन सदस्यों, जो पटियाला के बादशाहपुर और हरियाणा के अजीमगढ़ में पुलिस चौकियों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल थे, को गिरफ़्तार किया है। यह जानकारी पुलिस डायरैक्टर जनरल (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने रविवार को यहाँ दी। यह आपरेशन काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआइ) पटियाला और स्टेट स्पैशल आपरेशन सैल (एसएसओसी), एस. ए. एस. नगर द्वारा सांझे तौर पर चलाया गया। गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान सन्दीप सिंह उर्फ दीपू निवासी बादशाहपुर (पटियाला), हरप्रीत सिंह उर्फ जग्गा निवासी हरचन्दपुरा(पटियाला) और हरमनप्रीत सिंह उर्फ प्रीत निवासी गुरदियालपुरा (पटियाला) के तौर



CI PATIALA & SSOC MOHALI

पर हुई है। गौरतलब है कि 1 अप्रैल, 2025 को पटियाला के पुलिस चौकी बादशाहपुर और 6 अप्रैल, 2025 को हरियाणा की पुलिस चौकी अजीमगढ़ पर ग्रेनेड हमले हुए थे। इन घटनाओं के बाद, बी. के. आई. के गुर्गों– हैपी पासिया, मनु अगवान और गोपी नवांशहरिया ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के द्वारा इन आतंकवादी कार्यवाहियों की ज़िम्मेदारी ली थी। डीजीपी ने कहा, ''इस मॉड्यूल को सफलतापूर्वक नष्ट करके पंजाब पुलिस ने राज्य में पुलिस अदारों पर हुए ग्रेनेड हमलों की दोनों घटनाओं की गुत्थी को सुलझा लिया है।'' उन्होंने यह भी कहा कि दोनों हैंडलर आतंकवादी हरविन्दर सिंह रिन्दा के निर्देशों पर काम कर रहे थे। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि मॉड्यूल को लॉजिस्टिकल और वित्तीय सहायता प्राप्त हो रही थी। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच से यह भी पता लगा है कि माड्यूल पंजाब में पुलिस अदारों पर और हमलों की सक्रियता से योजना बना रहा था, जबकि इस मामले में अगले–पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच जारी है।

# ईसाई समुदाय शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से सभ्य समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है-हरपाल सिंह चीमा

रमन कुमार

जालंधर, –पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज कहा कि ईसाई समुदाय अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से सभ्य समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

होली ट्रिनिटी चर्च में डाइसिस ऑफ जालंधर के नए बिशप डा. जोस सेबेस्टियन के स्वागत में आयोजित धार्मिक समारोह में शामिल होते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समाज जितना शिक्षित होगा, उतना ही सभ्य होगा। उन्होंने कहा कि ईसाई समुदाय अपने स्कूलों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभा रहा है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं के प्रसार में भी इसने अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। इस अवसर पर पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवा, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले विभाग के सलाहकार दीपक बाली, जालंधर सुधार ट्रस्ट की चेयरमैन राजविंदर कौर थियाडा, पी.आर.टी.सी. डायरेक्टर राजिंदर सिंह रिहाल और पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर भी उपस्थित थी। श्री चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार मानवता की सेवा के सिद्धांत पर चलते हुए राज्य के



**होली ट्रिनिटी चर्च में धार्मिक समारोह में हुए शामिल**

लोगों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान कर रही है। बिशप डा.जोस सेबेस्टियन को मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान की ओर से बधाई देते हुए वित्त मंत्री ने आशा व्यक्त की कि वह समाज कल्याण में और अधिक योगदान देंगे और पंजाब के समुदाय को और मजबूत करने में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा आप नेता रोबिन सांपला, एस.डी.एम. आदमपुर विवेक कुमार मोदी अतिरिक्त कार्यभार अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) आदि भी उपस्थित थे



# पंजाब सड़क सफाई मिशन; अधिकारियों द्वारा गोद ली गई सड़कों का निरीक्षण

## सड़कों की सफाई व अन्य कार्यों की समीक्षा, संबंधित विभागों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश, डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों द्वारा उनके ध्यान में लाए मुद्दों को पहल के आधार पर हल करने के निर्देश

मनदीप कौर

जालंधर, –सड़कों की निरंतर निगरानी के लिए शुरू किए गए %पंजाब सड़क सफाई मिशन% के तहत, जिले के विभिन्न सीनियर अधिकारियों ने उन्हें अलॉट सड़कों का दौरा किया और वहाँ सफाई सहित किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि जिले भर में सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए, उनके सहित जिले के विभिन्न सीनियर अधिकारियों द्वारा 10 किलोमीटर तक की 51 सड़कों को गोद लिया गया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न अधिकारियों ने उन्हें अलॉट सड़कों का निरीक्षण शुरू कर दिया है, जिससे संबंधित विभागों के साथ तालमेल करके गड्ढों, सफाई, स्ट्रीट लाइटों और अन्य समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी। डा.अग्रवाल ने कहा कि यह मिशन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के पंजाब को देश के सबसे स्वच्छ राज्यों में से एक बनाने के विजन से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि जिले की सड़कों को साफ–सुथरा और मानक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अधिकारियों , जिन्हें विभिन्न सड़कों की जिम्मेदारी दी गई है कि तरफ से सड़क के रख–रखाव संबंधी मुद्दों को पहल के आधार पर हल करें ताकि सड़कों का उच्च मानक बनाए रखा जा सके। इसी मिशन के तहत, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(ज) अमनिंदर कौर ने पुरानी सूरानुस्सी रोड का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सड़क के किनारे पड़े कूड़े के ढेर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से सड़क की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(शहरी विकास) जसबीर सिंह ने बी.एम.सी. चौक से कूल रोड तक के हिस्से का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को चुनमुन मॉल के पास फुटपाथों की मुरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेड़ों और झाड़ियों की आवश्यक कटाई–छँटाई करने के भी



निर्देश दिए। एस.डी.एम. जालंधर–1 रणदीप सिंह हीर ने बुलंदपुर रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने सीवरेज लाइनों को उचित ढंग से चलाने, सड़कों की नियमित सफाई और गड्ढों का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, एस.डी.एम. जालंधर–2 शायरी मल्होत्रा ने एन.एच. 44 का निरीक्षण किया और सड़क के किनारे लगी ग्रिल और नालियों के ढक्कनों की मुरम्मत के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को फुटओवर ब्रिज के संबंध में कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। एस.डी.एम. आदमपुर विवेक कुमार मोदी, अतिरिक्त प्रभार अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) ने पठानकोट हाईवे और किशनपुरा चौक का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को किशनपुरा रोड पर स्ट्रीट लाइटें लगाने, दोआबा कॉलेज के पीछे गड्ढों की समस्या और श्रीमन अस्पताल पास सर्विस रोड के पास जलभराव की समस्या का समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। एस.डी.एम. नकोदर लाल विश्वास ने नकोदर रोड के साथ एनएच 71 का निरीक्षण किया। उन्होंने एन.एच. 71 पर कपूरथला बाईपास फ्लाईओवर के पास बिखरे मलबे का जायजा लिया और उसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सचिव आर.टी.ए. बलबीर राज सिंह, ज्वाइंट कमिश्नर नगर निगम मनदीप कौर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अमनपाल सिंह, जिला राजस्व अधिकारी नवदीप सिंह भोगल और सहायक कमिश्नर (यू.टी.) मुकीलन आर ने भी उन्हें अलॉट सड़क हिस्सों का दौरा किया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# नारी शक्ति ने हर्षोल्लास से मनाया श्रावन तीज का पर्व

## परंपरानुसार नारी शक्ति के लिए तीज के पर्व का विशेष महत्व

जालंधर- [ ब्यूरो चीफ] =

बदलते समयानुसार चाहे हर चीज में परिवर्तन आ रहा है। परंतु पंजाबी परिवार अपने विरसे को अभी भी पूरे शौक से संभाले हुए है। विदेशी धरती पर भी पंजाबी परिवार पंजाब के परंपरागत विरसे के त्योहारों को इतने हर्षोल्लास से मनाते हैं कि विदेशी लोग पंजाबी त्योहार को मनाने हेतु दिवाने हो रहें। पंजाब का गिद्धा– भंगड़ा पंजाबी गीत संगीत एवं धुन विदेशियों की पहली पसंद बन गया है। नई पीढ़ी को पंजाबी विरसे के साथ जोड़ने हेतु सभ्याचारक कार्यक्रमों का अयोजन अति अनिवार्य है। इस कड़ी के अंतर्गत स्थानीय नगर निगम की महिला कर्मचारियों की ओर से तीज के त्योहार होटल डाऊन टाउन में अयोजित किया गया। होटल को संपूर्ण पंजाबी सभ्यतानुसार सजाया गया। महिलाओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाली बस्तुएँ जैसे चरखा, दही मथने हेतु चाटी मधानी, पीतल– तांबे –कांसे के बर्तन, महिलाओं द्वारा हाथ से कढाई किए बस्त्र,हाथ से बुनी दरियां गलीचे,फुलकारी बाग आदि दिखा कर नई पीढ़ी को अवगत करवाया गया। श्री मति नीलम ने बताया कि नव विवाहित बेटियाँ तीज के पर्व पर अपने मायके आती थी। इस प्रकार लगभग सभी पुरानी सहेलियाँ मिल कर नाचती गाती एवं पुरानी यादें ताजा करके आनंद मानती थी। मैडम सतविंद्र,मनिंद्र एवं रूकया ने पंजाबी बोलियाँ एवं पंजाबी गानों पर धुन पर गिद्ध की शुरूआत की। प्रोग्राम में हजरीन ने खूब आनंद लिया। पंजाबी पोशाक का मुकाबला हुआ जिसमें प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय को इनाम दे कर सम्मानित किया गया। अंत में सभी ने जल पान ग्रहण किया एवं कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# राजनीतिक रंजिश कहें या बदला खोरी की भावना

जालंधर [ब्यूरो चीफ] = किसी अखबार में कांग्रेस की स्थानीय महिला अध्यक्षा की कार्यशैली को बढ़ा चढ़ कर जनता के समक्ष प्रस्तुत करके किसी राजनेता या राजनेताओं से वाह वाह लेना अति अशोभनीय महसूस हुआ। हमारी टीम ने उक्त मामले की जड़ तक तहकीकात करने हेतु संबंधित कांग्रेस की नेत्री, महिला कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों से संपर्क किया। काफी जांच पड़ताल के बाद पता चला कि उक्त नेत्री कांग्रेस के अधिकांश कार्यक्रमों में अपनी टीम के सदस्यों के साथ सक्रिय रूप कार्यरत है। कभी कभार किसी विशेष कारणवश अपनी दर्ज न करवा सकी हो। परंतु उनके दिशा निर्देशों के अंतर्गत उनकी गैरहाजिरी में उनकी टीम तो उपस्थित रहती है। पार्टी के वरिष्ठ राजनेताओं एवं महिला कांग्रेस पार्टी की अध्यक्षा को यदि पार्टी के प्रति उनकी कार्य शैली पर कोई इतराज होता तो उसे कभी चेतावनी या कारण बताओ नोटिस देते। कांग्रेस की महिला जिलाध्यक्षा का पार्टी के प्रति प्रशंसनीय कार्य शैली पता नहीं क्यों? किसी को हजम नहीं आ रही। बुद्धिजीवी वर्ग/ राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार दूसरों पर कीचड़ उछालकर मजा



**किसी ने सच्च ही कहा कि चाँद पर थूकने से अपने ही मुँह पर गिरता है थूक**

लेकर राजनीतिक रोटियाँ सेकने वालों का हश्रर खराब ही होता है। पार्टी हाईकमान से अधिक अखबार के संपादक को पार्टी की चिंता इतनी क्यो?अपने आप में प्रश्न चिह्न? हक सच्च की आवाज को बुलंद करने वाले एवं लोकतंत्र का चौथे स्तंभ के नाम से जाने जाते मीडिया को किसी भी मामले की तह तक जा ही खबर प्रकाशित करना चाहिए ताकि किसी को हृदय घात न हो।